▪ चैत्र कृष्णा - 13 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 250 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 07-04-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 दुश्मनों की मांद में घुस करके उन्हें ठिकाने लगाना जानता है भारत

6 सिपाही सुधाकर घुले: अंधेरे में लिया बड़ा जोखिम, एक आतंकवादी को ढेर किया, एक को ज़िंदा दबोचा

7 'संतोषी मां' के किरदार में नज़र आएंगी स्मृति सिन्हा

## फर्स्ट टेक

### तमिलनाडु में द्रमुक विधायक पुगाझेंती का निधन

**चेन्नई/भाषा।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) विधायक एन. पुगाझेंती का शनिवार को तमिलनाडु के विल्लुपुरम में एक अस्पताल में बीमारी के कारण निधन हो गया। अस्पताल के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। वह 69 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और तीन बेटियां हैं। विक्रवंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे पुगाझेंती अपनी पार्टी के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के साथ शुक्रवार को चुनाव प्रचार कर रहे थे, उसी दौरान वह अचानक बेहोश हो गए। उन्हें तत्काल विल्लुपुरम में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया जहां आज उनका निधन हो गया। पुगाझेंती 1973 में द्रमुक में शामिल हुए थे और पार्टी में विभिन्न पदों पर रहे। वह विक्रवंडी से 2021 का विधानसभा चुनाव जीते थे। वह विल्लुपुरम जिले में अतियुर तिरुवति के रहने वाले थे।

### यूक्रेन पर रूसी हमले में 10 लोगों की मौत, कई घायल

**कीव/एजेन्सी।** पिछले 24 घंटों में यूक्रेन पर रूसी हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जापोरिझिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि रूसी मिसाइल हमलों में दक्षिणी शहर जापोरिझिया में चार लोगों की मौत हो गयी और अन्य 23 घायल हो गए। इसके अलावा हमले में 24 निजी घरों समेत 40 से अधिक घरों और नौ आपर्टमेंट को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा मेयर इहोर तेरेखोव के अनुसार यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकिव पर रात भर हुए मिसाइल हमलों में छह लोगों की मौत हो गयी और 11 अन्य घायल हुए हैं।

### रूस के ओर्स्क शहर में बांध टूटा

**मॉस्को/एजेन्सी।** रूस के ऑरेनबर्ग ओब्लास्ट के ओर्स्क शहर में बांध टूटने से भारी बाढ़ आ गई और घर जलमग्न हो गए लेकिन किसी के हताहत होने की रिपोर्टें नहीं है। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को दी। ओर्स्क में मेयर के कार्यालय ने पहले कहा था कि शहर को यूराल नदी से बचाने के लिए बनाया गया बांध टूट गया, जिससे 4,258 घर और 10,987 निवासी प्रभावित हुए हैं। अभी प्रभावित शहर से बड़े पैमाने पर निकासी अभियान जारी है, जहां कई बस्तियां जलमग्न हो गई हैं। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से निकाले गए लोगों की सहायता के लिए छह अस्थायी आश्रय स्थल बनाए गए हैं। क्षेत्रीय सरकार ने अपने टेलीग्राम चैनल के माध्यम से कहा कि 40 बच्चों सहित 94 लोगों को जोखिम वाले क्षेत्रों से अस्थायी आश्रयों में स्थानांतरित किया गया। उनका जीवन और स्वास्थ्य पर कोई खतरा नहीं है और उन्हें चिकित्सा सहायता की आवश्यक नहीं है।

| 07-04-2024 | 08-04-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:00 बजे | सूर्योदय 6:21 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 74,248.22 | 22,513.70 |
| (+20.59) | (-0.95) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,207 रु. | 84,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### घोषणा पत्र

है मिशन सभी का अंत्योदय,
अच्छा शासन और राष्ट्रवाद।
अब तक शायद है नहीं रहा,
कोई भी दल में यह विवाद।
पर ज्यादातर करते विस्मृत,
ईलेक्शन में निज जीत बाद।
प्रतिबद्ध कौन है मुद्दों पर,
ये ही रखना है हमें याद।।

बंगाल 2022 विस्फोट मामला:

## पश्चिम बंगाल में एनआईए के दल पर भीड़ का हमला

### हमले के बीच भी एनआईए ने किया दो लोगों को गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भीड़ की ओर से जांच एजेंसी की टीम पर हमला किए जाने के बीच 2022 के विस्फोट मामले में शनिवार को दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यहां यह जानकारी दी।

संघीय जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि हमले में एनआईए का एक अधिकारी घायल हो गया और जांच एजेंसी का एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। शनिवार की इस घटना ने पांच जनवरी की उस घटना की याद दिला दी, जब उत्तरी 24 परगना के संदेशखालि इलाके में राशन घोटाले के सिलसिले में छापेमारी के दौरान प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमला किया गया था।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने शनिवार को कहा, पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर विस्फोट मामले में एक बड़ी सफलता मिली। एनआईए ने राज्य के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भीड़ के कड़े प्रतिरोध के बीच दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया। दिसंबर 2022 में विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

## सत्ता में आने के बाद 'इंडि' गठबंधन का लक्ष्य 'कमीशन' कमाना है : मोदी

### भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम है, यह भाजपा का नारा नहीं बल्कि हमारे विश्वास की चीज है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सहारनपुर (उप्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विपक्षी 'इंडि' गठबंधन का लक्ष्य सत्ता में आने के बाद 'कमीशन' कमाना है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) एक 'मिशन' पर है।

सहारनपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को 370 से अधिक सीट जीतने से रोकने के लिए लड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस जितने साल सत्ता में रही, उसने 'कमीशन' खाने को प्राथमिकता दी। 'इंडि' गठबंधन 'कमीशन' के लिए है, एनडीए (राजग) मोदी सरकार मिशन के लिए है।

मोदी ने कहा, अब हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के 'मिशन' में जुटे हैं। वहीं दूसरी तरफ हमारे विरोधी सत्ता पाने के लिए तड़प रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं देश का पहला ऐसा चुनाव देख रहा हूं, जहां विपक्ष जीत का दावा नहीं कर रहा है, बल्कि विपक्ष केवल इसलिए चुनाव लड़ रहा है, ताकि भाजपा की सीट 370 से कम की जा सकें और राजग की सीट 400 से कम की जा सकें। उन्होंने कहा कि गांव-शहर सब जगह लोग कह रहे हैं, फिर एक बार मोदी सरकार' और 'चार जून को 400 पार'।

मोदी ने कहा, दस वर्ष पहले मैं चुनावी जनसभा के लिए सहारनपुर आया था। उस समय देश घोर निराशा, घोर संकट के दौर से गुजर रहा था। तब मैंने आपको गारंटी दी थी कि मैं देश झुकने नहीं दूंगा, देश रुकने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा, मैंने संकल्प लिया था कि आपके आशीर्वाद से हर स्थिति, हर परिस्थिति को बदलूंगा, निराशा को आशा में बदलूंगा, आशा को विश्वास में बदलूंगा। आपने अपने आशीर्वाद में कोई कमी नहीं रखी और मोदी ने अपनी मेहनत में कोई कमी नहीं छोड़ी।

मोदी ने कहा, आज भाजपा का स्थापना दिवस है। बहुत कम दशकों में ही भाजपा के साथ रिकॉर्ड संख्या में हमारे देशवासी जुड़े हैं। भाजपा ने लोगों का भरोसा जीता है, भाजपा ने लोगों का दिल जीता है।

## 'भारत के मूल विचार को न समझ पाने के लिए विपक्षी दल की इतालवी संस्कृति जिम्मेदार'

### शाह ने खरगे की अनुच्छेद 370 संबंधी टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा ने राजस्थान में संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने का जिक्र करने पर सत्तारूढ़ दल की आलोचना करने को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर शनिवार को निशाना साधा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत के मूल विचार को न समझ पाने के लिए विपक्षी दल की इतालवी संस्कृति जिम्मेदार है।

शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य नेताओं ने 'एक्स' पर खरगे के भाषण की एक क्लिप साझा की, जिसमें उन्हें राजस्थान में अनुच्छेद 370 को हटाने के बारे में बात करने की वजह से सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधते हुए सुना जा सकता है।



क्लिप में खरगे यह कहते सुने जाते हैं, ''अरे भाई, यहां के लोगों से (इसका) क्या वास्ता है?''

कांग्रेस प्रमुख ने अनुच्छेद 370 की जगह अनुच्छेद 371 का गलत उल्लेख भी किया। जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले अनुच्छेद 370 को अगस्त 2019 में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने निरस्त कर दिया था।

शाह ने 'एक्स' पर कहा कि खरगे ने जो कहा, उसे सुनना ''शर्मनाक'' है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और इस पर हर राज्य तथा हर नागरिक का ठीक उसी तरह अधिकार है, जैसे जम्मू-कश्मीर के लोगों का देश के बाकी हिस्सों पर अधिकार है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि पार्टी को पता नहीं है कि राजस्थान के कई वीर सपूतों ने कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा, लेकिन यह केवल कांग्रेस नेताओं की गलती नहीं है। यह मुख्यत: कांग्रेस पार्टी की इतालवी संस्कृति है जो भारत के विचार को न समझने के लिए दोषी है। इस तरह के बयान हर देशभक्त नागरिक को चोट पहुंचाते हैं और देश की जनता कांग्रेस को जवाब जरूर देगी।'' शाह ने कहा, और कांग्रेस की जानकारी के लिए, यह अनुच्छेद 371 नहीं, बल्कि अनुच्छेद 370 था, जिसे मोदी सरकार ने निरस्त किया था।


## लाओस में गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीय लौट रहे स्वदेश

**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में धोखे से गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगारों को स्वदेश वापस लाया जा रहा है। विदेश मंत्री ने इस मामले में मदद के लिए लाओस में भारतीय दूतावास की सराहना की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मोदी की गारंटी सभी के लिए देश-विदेश में हर कहीं काम करती है। लाओस में धोखे में रखकर गैरकानूनी और खतरनाक काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगार स्वदेश लौट रहे हैं। उन्होंने कहा, लाओस में भारतीय दूतावास ने अच्छा काम किया। सुरक्षित वापसी में मदद के लिए लाओस के अधिकारियों का धन्यवाद।

## भारतीय राजनीति के सर्वश्रेष्ठ 'फिनिशर' हैं राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भोपाल/भाषा। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तुलना महेंद्र सिंह धोनी से करते हुए हुए कहा कि धोनी की तरह वह भी मैच को जल्दी खत्म करने में माहिर हैं।



मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक चुनाव प्रचार रैली में अपने संबोधन में पूर्व भाजपा अध्यक्ष सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस का भ्रष्टाचार के साथ अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा, ''एक समय भारतीय राजनीति में कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन अब केवल दो या तीन छोटे राज्यों में ही उसकी सरकार है।'' उन्होंने कहा, मुझे कभी-कभी आश्चर्य होता है कि ऐसा क्यों हो रहा है, तो मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचता हूं। क्रिकेट में सबसे अच्छा 'फिनिशर' कौन है? (लोगों के जवाब देने के बाद) धोनी। अगर कोई मुझसे पूछता है कि भारतीय राजनीति में सबसे अच्छा 'फिनिशर' कौन है, तो मैं कहूंगा कि वह राहुल गांधी हैं। यही कारण है कि कई नेताओं ने कांग्रेस छोड़ दी है।''

इससे पहले की एक रैली में सिंह ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि उन्होंने कसम खाई है कि जब तक वह कांग्रेस को 'खत्म' नहीं कर देंगे, तब तक वह नहीं रुकेंगे।

## बेंगलूरु में जल संकट पर सिद्दरामैया सरकार पर सीतारमण ने निशाना साधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बेंगलूरु में जल संकट को लेकर राज्य की सिद्दरामैया सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पिछले साल कर्नाटक में सत्ता में आने के बाद कई सिंचाई तथा जल संबंधी परियोजनाओं व पहलों को रोक दिया। उन्होंने राज्य में कथित तौर पर बिगड़ती कानून व व्यवस्था की स्थिति के लिए भी कांग्रेस की आलोचना की।

यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह बहुत चिंताजनक और दुखद है कि शहर जल संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है।



सीतारमण ने कहा, ''केवल पानी उपलब्ध न होना ही एक समस्या नहीं है। कल से शहर में दुर्भाग्यपूर्ण रूप से हैजा फैलने को लेकर आ रही खबरें भी बहुत चिंताजनक हैं...यह चिंता की बात है लेकिन मुझे लगता है यह इसलिए है कि लोगों के पास पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं, दूषित पानी भी लोगों तक पहुंच रहा है और इसके परिणामस्वरूप उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''जब कर्नाटक विधानसभा में पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए जाते हैं तो इसका अप्रत्यक्ष समर्थन होता है...यह बहुत बड़ा संकेत है कि यह ठीक है, हम कुछ भी कर सकते हैं और बच सकते हैं।''

सूखा राहत निधि में देरी के बारे में एक सवाल पर सीतारमण ने कहा कि कर्नाटक सरकार ने अक्टूबर में ज्ञापन सौंपा और अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल यहां आया था और निरीक्षण किया था।

## नड्डा, पांच अन्य ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा चुनाव में हाल ही में निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और पांच अन्य नेताओं ने शनिवार को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सभी को शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले अन्य लोगों में अशोकराव शंकरराव चव्हाण (महाराष्ट्र), चुन्नीलाल गरासिया (राजस्थान), अनिल कुमार यादव मंडाडी (तेलंगाना), सुष्मिता देव और मोहम्मद नदीमुल हक (दोनों पश्चिम बंगाल) शामिल हैं। धनखड़ के कार्यालय ने शपथ-ग्रहण की तस्वीरें साझा करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति, जगदीप धनखड़ ने आज संसद भवन में जगत प्रकाश नारायण लाल नड्डा जी को राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ दिलाई।



## बटलर के तूफान में उड़ा आरसीबी

### छह विकेट से हारा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, बेकार हुआ विराट शतक

इंडियन प्रीमियर लीग 2024

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जयपुर/भाषा।** छक्के के साथ अपना शतक पूरा करके फॉर्म में लौटे जोस बटलर ने विराट कोहली के शतक को बेनूर कर दिया और राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को छह विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग की अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया । रॉयल्स ने अब तक चार मैच खेले और चारों जीतकर शीर्ष पर है । वहीं आरसीबी लगातार तीसरी हार के साथ आठवें स्थान पर खिसक गई है । कोहली ने अकेले किला लड़ाते हुए आईपीएल में रिकॉर्ड आठवां शतक जमाया लेकिन उनकी टीम तीन विकेट पर 183 रन ही बना सकी ।

अपना सौवां आईपीएल मैच खेल रहे बटलर ने यादगार पारी खेलकर आरसीबी के जीत के मंसूबों पर पानी फेर दिया । पिछली तीन पारियों में नाकाम रहे बटलर ने पांच गेंद बाकी रहते टीम को जीत दिलाई । उन्होंने आखिरी ओवर की पहली ही गेंद पर कैमरन ग्रीन को डीप स्क्वेयर लेग के ऊपर छक्का लगाकर टूर्नामेंट में अपना छठा शतक भी पूरा किया । अपनी 58 गेंद की पारी में उन्होंने नौ चौके और चार छक्के लगाये ।

कप्तान संजू सैमसन ने बटलर का बखूबी साथ निभाते हुए 148 रन की साझेदारी की। सैमसन ने 42 गेंद में 69 रन बनाये जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल थे । रॉयल्स अब नेट रनरेट के आधार पर कोलकाता नाइट राइडर्स से ऊपर शीर्ष पर है ।

रॉयल्स के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की । अश्विन ने चार ओवर में 28 रन दिये जबकि चहल ने 34 रन देकर दो विकेट चटकाये ।

भारत, अमेरिका के


## चुनाव को एआई आधारित सामग्री से प्रभावित कर सकता है चीन : माइक्रोसॉफ्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारत और अमेरिका जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में इस साल चुनाव होने वाले हैं और इस दौरान चीन अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित सामग्री का उपयोग कर सकता है। प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने एक ब्लॉग में यह आशंका जताई।

ब्लॉग में कहा गया, हमारा आकलन है कि विशेष रूप से भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका सहित इस साल दुनियाभर में होने वाले आम चुनावों के दौरान चीन अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई आधारित सामग्री का निर्माण और प्रसार कर सकता है। रिपोर्ट में उत्तर कोरियाई साइबर जोखिम तत्वों का भी उल्लेख किया गया, जो इन तीन देशों में चुनावों को प्रभावित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट के निष्कर्षों के अनुसार, चीन द्वारा एआई आधारित सामग्री का उपयोग करने से चुनाव परिणामों के प्रभावित होने की आशंका कम है, लेकिन इनके लगातार उपयोग, मीम्स के प्रसार आदि से भविष्य में इनका असर हो सकता है।

## सहज स्मृति योग



**व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।**

**प्रश्न:** गुरुजी, मैं पलट कर याद करता हूँ तो याद आता है कि आपसे जितनी बार भी मैं मिला हर बार का मेरा अनुभव यही रहा है कि आपने मेरे प्रश्नों का उत्तर इतनी स्पष्टता से दिया मानो केवल उत्तर नहीं सीधी स्पष्टता ही मुझे दे दी हो क्योंकि, उत्तर पाने के बाद फिर जितनी भी देर आपके पास रुका उतने समय तक कोई प्रश्न ही मन में नहीं उठता रहा है। ऐसा कैसे होता है ? और ऐसा क्यों होता है कि दूर जाते ही वह शांति और स्पष्टता धीरे धीरे कम होती जाती है?

**उत्तर:** भैया, अभी आपकी दृष्टि में हमसे आपके सम्बन्ध का रूप ऐसा है कि मेरा आपको आपके पहले प्रश्न का स्पष्ट उत्तर देना इस सम्बन्ध की मर्यादा के परे चला जाएगा। और किसी भी सम्बन्ध की मर्यादा से परे जाने पर परमार्थ का व्यवहार भी व्यर्थ का व्यापार हो जाता है। इसलिए पहले आपके दूसरे प्रश्न का उत्तर देता हूँ। वह यही है कि परम् आध्यात्मिक दृष्टि में प्राथमिक स्वरूप से सर्वत्र और सर्वकाल में समाधान ही समाधान दिखता है, समस्या नहीं। तो जब हमारी दृष्टि परम दृष्टि से एकाकार हो जाती है तब उसमें स्पष्टता का होना प्रत्यक्ष प्रमाण हो जाता है और जब भी किसी न किसी तरह हमारी दृष्टि में परम् दृष्टि या गुरु दृष्टि से दूरी या विलगाव या अलगाव या अभाव आता है तब पूर्णता, स्पष्टता, शांति, परम् सुख आदि भी दूर होते जाते हैं। ध्यान से देखेंगे तो पाएँगे कि आपके दूसरे प्रश्न के उत्तर में आपके पहले प्रश्न का उत्तर भी छिपा हुआ है।

# हमीरपुर के लोगों ने मुझे हमेशा आशीर्वाद दिया है : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)/भाषा।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के लोगों ने उन्हें हमेशा आशीर्वाद दिया है। ठाकुर ने कहा, हमने काम किया है और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि क्षेत्र के लोग, विशेषकर महिलाएं इस बार ''शत प्रतिशत'' वोट डालेंगी।

ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस पर लोगों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा एक दूरदर्शी पार्टी है। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि उनकी पार्टी ने सभी निर्धारित लक्ष्य हासिल किए हैं, चाहे वह अनुच्छेद 370 को खत्म करना हो, तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाना हो, नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लाना हो या अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करना हो। उन्होंने बिलासपुर में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा का मुख्य उद्देश्य गरीब लोगों के कल्याण के लिए काम करना, देश की अर्थव्यवस्था में सुधार करना और भारत को दुनिया के सबसे मजबूत देशों में से एक बनाना है। उन्होंने 'अब की बार 400 पार' का नारा लगाते हुए लोगों से उन्हें वोट देने की स्थानीय बोली में अपील की। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वह कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के ''बुरे मंसूबों'' का शिकार न बने और चुनावों में उन्हें खारिज करे क्योंकि भाजपा ही वह दल है जो देश को सभी क्षेत्रों में आगे ले जा सकता है।

ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लोगों को हमेशा बेवकूफ बनाया है लेकिन इस बार उनके नारे काम नहीं आएंगे। उन्होंने बिलासपुर जिले में पार्टी बैठकों और स्थापना दिवस समारोहों की एक श्रृंखला के दौरान लोगों से देश को मजबूत बनाने और अपने कल्याण एवं खुशहाली के लिए भाजपा के पीछे एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को ''दावों और वादों का पुलिंदा'' करार देते हुए कहा कि आज कांग्रेस पर किसी को भरोसा नहीं है और देश में सिर्फ एक ही गारंटी चलती है और वह है मोदी की गारंटी। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने पिछले 60 साल में देश को केवल धोखा दिया है और इसलिए जनता अब उसके बहकावे में नहीं आने वाली। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने गरीबी हटाओ के नारे के साथ 60 साल तक देश पर शासन किया लेकिन गरीबी दूर नहीं हुई। ठाकुर ने कहा, आज एक गरीब मां के बेटे (प्रधानमंत्री मोदी) ने देश के 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है...। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि ''लोकतंत्र खत्म हो रहा है'' लेकिन असल में लोकतंत्र नहीं बल्कि सनातन के विरोधी खत्म हो रहे हैं।

## सीबीआई ने बाल तस्करी गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से निःसंतान दंपतियों को बच्चे बेचने वाले सात लोगों को गिरफ्तार करके बाल तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया और अभियान के दौरान दो शिशुओं को बचाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआई ने शुक्रवार शाम को दिल्ली और हरियाणा में सात स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। एजेंसी के अधिकारियों ने डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं को बरामद किया, जिन्हें गिरोह बेचने की योजना बना रहा था।

सीबीआई ने गिरोह के सात सदस्यों को पकड़ा, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में सोनीपत का नीरज और दिल्ली के पश्चिम विहार की इंदु पवार, पटेल नगर का असलम, कन्हैया नगर की पूजा कश्यप, मालवीय नगर की अंजलि, कविता और रितु शामिल हैं।

## 98% से ज्यादा पायलटों ने नए अनुबंध पर किए हस्ताक्षर : कन्नन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विमानन कंपनी विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने शनिवार को कहा कि 98 प्रतिशत से अधिक पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और इस महीने का परिचालन सप्ताहांत तक स्थिर होने की उम्मीद है। चालक दल की कमी के कारण इस सप्ताह की शुरुआत में एयरलाइंस को परिचालन में भारी व्यवधान का सामना करना पड़ा और कई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।

कन्नन ने एक बयान में कहा कि हालात में सुधार हुआ है और इस सप्ताहांत तक अप्रैल, 2024 के बाकी दिनों के लिए परिचालन स्थिर हो जाएगा।

पायलटों के लिए नए अनुबंध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ पायलटों के मन में अनुबंध को लेकर कुछ चिंताएं और सवाल हैं।

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एयरलाइन चिंताओं को दूर करने के लिए उनसे बातचीत कर रही है और 98 प्रतिशत से अधिक पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। विस्तारा में लगभग 1,000 पायलट हैं। इससे पहले सूत्रों ने कहा था कि पायलटों के एक वर्ग ने नए अनुबंध के बारे में चिंता जताई है, जिससे वेतन में संशोधन होगा।

कन्नन ने कहा कि एयरलाइन मौजूदा घटनाक्रम से तेजी से निपट रही है और नए पायलटों को नियुक्त किया जा रहा है।

## तिहाड़ जेल में रहने के दौरान मैंने साहस से काम लिया, मजबूत बना रहा : संजय सिंह



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि तिहाड़ जेल में छह महीने रहने के दौरान उन्होंने दृढ़ता और साहस से काम लिया और उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों से भी कहा था कि वे ''आंसू न बहाएं''। राज्यसभा सदस्य सिंह को मंगलवार को उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जमानत दे दी थी। लगभग छह महीने तक तिहाड़ जेल में बंद रहने के बाद वह बुधवार को तिहाड़ जेल से बाहर आए थे। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में तिहाड़ में बिताए अपने दिनों को याद किया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और 'आप' के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन भी इस समय तिहाड़ जेल में बंद हैं।

सिंह ने कहा, शुरुआती 11 दिन छोटी सी कोठरी में काफी मुश्किल थे, बाहर निकलने की इजाजत नहीं थी। मैं पुलिस सुरक्षा में था। इसके बाद, मैंने जेल प्रशासन से बात की और मांग की कि मुझे एक आम कैदी के रूप में अधिकार दिए जाएं। उन्होंने कहा कि इसके बाद उन्हें पुलिस सुरक्षा के तहत निश्चित समय के लिए कोठरी से बाहर जाने की अनुमति दी गई।

## भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को केरल में जड़े जमाने नहीं देंगे: विजयन



**अलप्पुझा(केरल)/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने शनिवार के कहा कि वाम मोर्चा भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को केरल में जड़े जमाने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि उनका गठबंधन सुनिश्चित करेगा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को एक भी सीट पर जीत न मिले। विजयन ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि वामपंथी संघ परिवार द्वारा देश और उसके लोगों के लिए पेश की गई चुनौतियों से निपट लेंगे और उन्हें सत्ता से बाहर करने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के मुद्दे पर भी कांग्रेस पर हमला बोला।

मुख्यमंत्री ने कहा, हम यह चुनाव भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लक्ष्य के साथ लड़ रहे हैं और इसीलिए हम राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी मोर्चे में सक्रिय रूप से शामिल हुए हैं। हम एक बात स्पष्ट करना चाहेंगे कि भाजपा को न केवल सभी 20 सीट पर हार का सामना करना पड़ेगा, बल्कि वे इस बार भी राज्य के किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में दूसरा स्थान हासिल करने में भी असफल रहेगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश का भविष्य तय करेगा और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का कोई मतलब नहीं है। विजयन ने कहा, पिछले पांच साल के अनुभव से लोग समझ गए हैं कि कांग्रेस को वोट देने का कोई मतलब नहीं है। वामपंथी दल देश में खतरनाक नीतियां लागू करने वाली भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए लोगों से वोट मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सबसे पुरानी पार्टी ने भाजपा को जगह दी और वोट दिए लेकिन वामपंथियों का सांप्रदायिक फासीवादियों से लड़ने का इतिहास रहा है।



## तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने 100 दिन में चुनावी 'गांरटी' लागू नहीं की : किशन रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की यहां होने जा रही चुनावी रैली से पहले, केंद्रीय मंत्री जी.किशन रेड्डी ने तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने वादे के अनुसार 100 दिन के भीतर अपनी छह चुनावी 'गारंटी' लागू नहीं की।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष किशन रेड्डी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। किशन रेड्डी ने कहा, कांग्रेस ने लोगों से वादे किए हैं, लेकिन उन्हें लागू नहीं किया जा रहा है। मेरा कांग्रेस और राहुल गांधी से सवाल है। आपने विधानसभा चुनाव के दौरान छह 'गारंटी' के नाम पर तेलंगाना के लोगों से वादे किए थे। आपने कहा था कि आप उन्हें 100 दिनों में लागू करेंगे। आज, राहुल गांधी को बताना चाहिए कि वह तेलंगाना कैसे आ रहे हैं (जब वादे पूरे नहीं किए गए)। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी का ध्यान वादों को लागू करने पर नहीं, बल्कि अन्य दलों के नेताओं को कांग्रेस में शामिल कराने पर है। किशन रेड्डी ने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव नीत भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) चुनाव मैदान में मजबूत दावेदार नहीं है और कांग्रेस का जनाधार घटना शुरू हो गया है।

## तटरक्षक बल ने समुद्र में नौका में आग लगने से झुलसे नौ मछुआरों को बचाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने समुद्र में मछली पकड़ने वाली एक नौका पर आग लगने की घटना और उसके परिणामस्वरूप हुए विस्फोट के बाद गंभीर रूप से झुलसे नौ मछुआरों को समय रहते सहायता प्रदान की। आईसीजी ने एक बयान में कहा कि पांच अप्रैल को मछुआरों की नौका आग लगने के बाद समुद्र में डूब गई थी।

बयान में कहा गया है कि सभी नौ मछुआरे बचने के लिए पानी में कूद गए लेकिन इस दौरान कुछ गंभीर रूप से झुलस गए। विस्फोट के कारण क्षतिग्रस्त हुई भारतीय नौका दुर्गा भवानी कुछ ही मिनट में डूब गई। बयान के अनुसार पास में मौजूद एक नाव ने आग और विस्फोट के बारे में तटरक्षक जहाज को जानकारी दी, जो जीवित बचे लोगों को लेने के लिए आगे बढ़ा।

बयान में कहा गया है कि आंध्र तट पर गश्त पर निकले भारतीय तटरक्षक जहाज वीरा ने तेजी से कार्रवाई करते हुए नौ मछुआरों को बचा लिया।

तटरक्षक बल ने कहा कि आंध्र प्रदेश में पंजीकृत नौका आईएफबी दुर्गा भवानी 26 मार्च को चालक दल के नौ सदस्यों को लेकर काकीनाडा बंदरगाह से रवाना हुई थी।

अधिकारियों ने बताया कि नाव में आग लगी, जिसके परिणामस्वरूप उसमें मौजूद गैस सिलेंडर फट गया।

आईसीजी ने कहा कि स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए, आईसीजीएस वीरा जीवित बचे लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए तेज गति से आगे बढ़ा और कुछ ही घंटों में स्थान पर पहुंच गया।

बयान में कहा गया है, सभी नौ जीवित बचे लोगों को आईसीजी के जहाज में स्थानांतरित कर दिया गया जहां एक मेडिकल टीम ने उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया।

## भाजपा ने पाकिस्तान, चीन के एजेंडे को सफल होने से रोकने के लिए अथक प्रयास किया : चुघ



**श्रीनगर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महासचिव तरुण चुघ ने शनिवार को कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया है कि पाकिस्तान और चीन का एजेंडा जम्मू कश्मीर में सफल न हो। चुघ ने भाजपा के 44वें स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सर्वोच्च बलिदान देने वाले कार्यकर्ताओं की सूची बहुत लंबी है जिसमें 1990 के दशक में बलिदान देने वाले टी एल टिपलू से लेकर वसीम बारी तक का नाम शामिल है। चुघ ने कहा, एस पी मुखर्जी ने इस भूमि पर बलिदान दिया ताकि जम्मू कश्मीर के लोगों को अधिक अधिकार मिलें और अनुच्छेद 370 और 35ए से मुक्ति मिले। मैं उन पार्टी कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने पिछले कई दशकों में भाजपा के लिए निःस्वार्थ भाव से काम किया। इस अवसर पर भाजपा ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले कश्मीर के अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कविता ने अदालत का किया रुख, सीबीआई को पूछताछ की दी गई अनुमति वापस लेने का अनुरोध

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति में 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत में याचिका दायर कर उसके आदेश को वापस लेने का आग्रह किया, जिसमें केंद्रीय अनवेषण ब्यूरो (सीबीआई) को उनसे तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की अनुमति दी गई थी। सीबीआई आबकारी नीति मामले में भ्रष्टाचार के पहलू की जांच कर रही है।

कविता के वकील नितेश राणा ने अदालत को बताया कि सीबीआई ने 'उनके पीठ पीछे' उनसे पूछताछ करने की अनुमति मांगने वाली याचिका दायर करके कानून की उचित प्रक्रिया को विफल कर दिया। राणा ने कहा, मुझे गंभीर आशंका है कि अदालत से अनुकूल आदेश प्राप्त करने के लिए सीबीआई ने सही तथ्यों का खुलासा नहीं किया होगा।

उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ की अनुमति देने वाले उसके शुक्रवार के आदेश को तब तक स्थगित रखा जाए जब तक कि उनका पक्ष नहीं सुना जाता।

अदालत ने दलील सुनी और सीबीआई द्वारा कविता की याचिका पर जवाब देने के लिए समय मांगने के बाद मामले को 10 अप्रैल तक सुनवाई के लिए टाल दिया। हालांकि, ईडी और सीबीआई मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता को कोई अंतरिम राहत नहीं दी।

## सरकारी विभागों में अनुबंध पर भर्ती बंद होनी चाहिए : शरद पवार



**पुणे/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को संबोधित करते हुए शनिवार को कहा कि सरकारी विभागों में अनुबंध पर भर्ती बंद होनी चाहिए। पवार ने यह भी कहा कि ऐसी परीक्षाओं में सीटें बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए, जो अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने 'अस्वस्थ तरुणाई आश्वासक साहेब' कार्यक्रम में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियों का वादा किया था, लेकिन केवल सात लाख युवाओं को ही नौकरियां मिली हैं। भ्रष्टाचार को कम करने, सामाजिक संस्थानों को विकसित करने और कारखानों का निर्माण करने की जरूरत है। कार्यक्रम में पवार ने छात्र से कहा कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें उनकी समस्याएं नहीं सुनती हैं तो संघर्ष करना होगा। राजनीति और निर्णय लेने में महिलाओं की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अगर अवसर मिले तो महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं।

## पंजाब: तरन तारन में 55 वर्षीय महिला को अर्धनग्न कर घुमाया

**तरन तारन/भाषा।** पंजाब के तरन तारन के वल्टोहा गांव में 55-वर्षीया एक महिला के साथ उसके बेटे के ससुराल वालों ने कथित तौर पर मारपीट की और उसे अर्धनग्न करके घुमाया। पीड़ित महिला के बेटे ने युवती के परिजनों की इच्छा के खिलाफ उससे (युवती से) शादी की थी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीड़िता को अर्धनग्न करके घुमाए जाने का एक कथित वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर काफी प्रचारित प्रसारित हुआ। पुलिस ने बताया कि यह घटना 31 मार्च को हुई। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार जब वह अपने घर पर अकेली थी जब उसके बेटे के ससुराल वालों ने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट और अभद्रता की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसे अर्धनग्न हालत में गांव में घुमाया गया। पुलिस ने कहा कि पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### पंजाब में बिगड़ रही कानून-व्यवस्था

## केजरीवाल की गिरफ्तारी पर राजनीति करने में व्यस्त हैं मान : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पंजाब में महिला से कथित मारपीट और उसे अर्धनग्न अवस्था में घुमाने की घटना को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो रही है और वह (मान) 'आप' प्रमुख अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर राजनीति करने में व्यस्त हैं।

भाजपा ने 55 वर्षीय महिला से कथित तौर पर मारपीट किए जाने और उसे अर्धनग्न अवस्था में घुमाए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद यह प्रतिक्रिया दी है। पंजाब पुलिस के अनुसार, यह घटना 31 मार्च को तरनतारन जिले में हुई। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के बेटे ने एक महिला के साथ भागकर उसके परिवार की इच्छा के विरुद्ध उससे शादी कर ली थी, जिसके बाद यह घटना हुई। पुलिस ने कहा कि मामले में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा, तरनतारन के वल्टोहा गांव में 55 वर्षीय महिला का यौन उत्पीड़न किया गया, उसे पीटा गया और नग्न कर घुमाया गया। यह घटना शर्मनाक है और इसने पंजाब में हर किसी की अंतरात्मा झकझोर कर रख दी है। उन्होंने पंजाब में बलात्कार, जबरन वसूली और हत्या सहित अपराध की अन्य घटनाओं का हवाला दिया और आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो रही है जबकि मुख्यमंत्री मान राजनीति करने में व्यस्त हैं।

सिंह ने आरोप लगाया, पंजाब में ऐसी घटनाओं की संख्या बढ़ रही है और राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है।

## आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी विधायक कांग्रेस में शामिल हुए

**कडप्पा (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** पुथलपट्टू से विधायक एम एस बाबू सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी को छोड़कर शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। एक बयान में इसकी जानकारी दी गई है। बाबू ने आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाई एस शर्मिला की उपस्थिति में कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस ने एक विज्ञप्ति में कहा, चुनाव से पहले सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी को बड़ा झटका। पुथलपट्टू से विधायक एम एस बाबू कांग्रेस में शामिल हुए। शर्मिला ने कांग्रेस में आने पर उनका स्वागत किया। इस बीच, शर्मिला कडप्पा जिले में अपना चुनावी दौरा जारी रखे हुए हैं। वह आज कडप्पा शहर में अमीन पीर दरगाह गईं और विशेष इबादत की। उन्होंने शहर में एक नुक्कड़ सभा में कहा, वाईएसआर (वाईएस राजशेखर रेड्डी) हमेशा भाजपा के खिलाफ थे जो धर्म के नाम पर झगड़े कराती है। वाईएसआर के बेटे (मुख्यमंत्री) जगन मोहन रेड्डी भाजपा के गुलाम हैं।

## मान ने कार्यकर्ताओं से कहा, शिकवे शिकायत छोड़ 'आप' की जीत के लिए काम करें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप)कार्यकर्ताओं से कहा कि उनकी यदि कोई शिकायत है तो उसे भूलकर राज्य की सभी 13 लोकसभा सीट पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करें।

मान ने आगे कहा कि संगठन और सरकार में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी जाएंगी। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'गलत धारणा' थी कि वह आप को खत्म कर सकती है। पंजाब में पार्टी के चुनाव अभियान का नेतृत्व कर रहे मान मोगा में पार्टी कार्यकर्ताओं की अपनी पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक भी मौजूद थे। पंजाब की 13 लोकसभा सीट के लिए एक जून को मतदान होगा।

मान ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुफ्त बिजली, सरकारी नौकरियां देने और फसल सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी सहित अपनी सरकार की 'उपलब्धियों' की चर्चा की।









# स्मृति ईरानी ने लोकतंत्र की रक्षा के वादे को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा

## ईरानी ने कहा, कांग्रेस आज केरल में चुनाव लड़ने के लिए एसडीपीआई का ले रही है समर्थन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** केंद्रीय मंत्री ईरानी ने लोकतंत्र की रक्षा के वादे के लिए शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और सवाल किया कि प्रतिबंधित संगठन पीएफआई की राजनीतिक शाखा एसडीपीआई का समर्थन ले रही और संविधान जलाने के लिए प्रसिद्ध द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के साथ गठबंधन करने वाली पार्टी ऐसा कैसे कर सकती है।

मंत्री ने 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए उत्तरी चेन्नई से भाजपा के उम्मीदवार आरसी पॉल कनगराज के लिए प्रचार करते हुए कथित सनातन धर्म विरोधी टिप्पणियों को लेकर तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक के नेताओं की आलोचना की।

उन्होंने कहा, आज मैं एक ऐसे राज्य में खड़ी हूं जो अपनी आध्यात्मिक शक्ति के लिए प्रसिद्ध है...जो हमारी संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है और यही कारण है कि जब द्रमुक नेता सनातन धर्म पर हमला करते हैं, जब द्रमुक नेता हिंदू धर्म को बदनाम करने की कोशिश करते हैं तो राष्ट्र क्रोधित हो जाता है, और आज जब वे भारत और भारतीयता के बारे में बात करते हैं तो वे देश के सामने बेनकाब हो जाते हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए ईरानी ने कहा, आज कांग्रेस पार्टी कहती है कि वह लोकतंत्र की रक्षा करना चाहती है। कांग्रेस पार्टी से मेरा सवाल कि आप द्रमुक के साथ लोकतंत्र की रक्षा कैसे करेंगे, जो बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को जलाने के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने 1980 के दशक के अंत में हिंदी विरोधी आंदोलन के दौरान कथित तौर पर द्रमुक द्वारा संविधान की प्रतियां जलाने की ओर इशारा करते हुए यह बात कही।

ईरानी ने कहा, कांग्रेस आज केरल में चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पीएफआई की राजनीतिक शाखा (एसडीपीआई) का समर्थन ले रही है। लोगों को सोचना चाहिए कि जो कांग्रेस पार्टी और इंडी' गठबंधन आतंकवादी संगठन की राजनीतिक शाखा का समर्थन ले रहे हैं, क्या वे इस देश में लोकतंत्र की रक्षा कर सकते हैं।

# डीआरआई ने 3.43 करोड़ रुपये का सोना जब्त कर तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के वेदलाई तट के पास समुद्र में मछली पकड़ने वाली एक नाव से 4.9 किलोग्राम सोना जब्त किया और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह सोना श्रीलंका से भारत तस्करी के जरिये लाया जा रहा था। जब्त सोने की कीमत 3.43 करोड़ रुपये आंकी गयी है। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और सीमा शुल्क निवारक इकाई (सीपीयू) ने संयुक्त अभियान में यह सोना जब्त किया गया है।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में शनिवार को कहा गया, डीआरआई के अधिकारियों को विशिष्ट खुफिया जानकारी मिली थी कि मछली पकड़ने वाली नाव के जरिए एक गिरोह द्वारा रामनाथपुरम जिले के वेधलाई तट पर श्रीलंका से भारत में सोने की तस्करी की जा रही है।

इसके बाद डीआरआई और आईसीजी के अधिकारियों ने 03 और 04 अप्रैल की मध्यरात्रि को मंडपम के पास वेदलाई तटीय क्षेत्र में मछली पकड़ने वाली संदिग्ध नौकाओं की आवाजाही पर निगरानी रखी।

विज्ञप्ति के मुताबिक चार अप्रैल को अधिकारियों ने मध्य समुद्र में एक संदिग्ध नाव की पहचान की और आईसीजी पोत का उपयोग करके उसका पीछा किया तथा उसे रोक लिया। इससे पहले अधिकारियों ने देखा कि नाव पर सवार व्यक्तियों में से एक ने सोने की एक खेप का समुद्र में फेंक दिया।

नाव पर तीन लोग सवार थे और उनसे पूछताछ की गई, तो उन्होंने ने स्वीकारा कि समुद्र में फेंकी गई खेप में श्रीलंका से लाया गया सोना था और उसे तस्करी कर भारत लाया जा रहा था।

इस बीच, सीपीयू रामनाथपुरम के अधिकारी भी एक नाव के जरिए इस अभियान शामिल हो गए और उस स्थान को घेर लिया गया जहां तस्करी का सोना समुद्र में फेंका गया था और तलाशी अभियान शुरू हुआ्। शुक्रवार को अपराह्न समुद्र तल पर व्यापक तलाशी अभियान के बाद तस्करी का सोना बरामद किया गया।

बरामद खेप को खोलने पर पाया गया कि विभिन्न आकारों के कच्चे सोने की छड़ें हैं, जिनका वजन 4.9 किलोग्राम था। जब्त सोने की कीमत 3.43 करोड़ रुपये आंकी गयी है। डीआरआई अधिकारियों ने तस्करी का सोना जब्त कर लिया है और तस्करों से पूछताछ की जा रही है।

# भारतीय तटरक्षक गार्ड हेलीकॉप्टर ने श्रीलंकाई मछुआरे की जान बचाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने मसीहा बनकर एक श्रीलंकाई मछुआरे की जान बचायी।तटरक्षक बल के हेलीकॉप्टर ने गंभीर दिल की बीमारी से पीड़ित श्रीलंकाई मछुआरे को उसके नाव के इंजन में खराबी के कारण भारतीय जल क्षेत्र में बह जाने से हवाई मार्ग से चेन्नई शहर में पहुंचाया। नाव में पांच अन्य मछुआरे भी सवार थे।

एक रक्षा विज्ञप्ति में यहां शनिवार को कहा गया कि एक अप्रैल को भारतीय तटरक्षक बल चेन्नई के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) को एमआरसीसी कोलंबो से एक श्रीलंकाई मछली पकड़ने वाले जहाज (एसएलएफवी) कालपेनी' के बारे में संकट में फंसने की चेतावनी मिली थी, जिसके भटकने की आशंका थी। इंजन में खराबी के कारण भारतीय समुद्री सीमा में आ गया था।

एमआरसीसी कोलंबो ने सूचित किया कि नाव 22 मार्च को छह चालक दल के सदस्यों के साथ श्रीलंका में 'कॉडबे' मछली पकड़ने के बंदरगाह से रवाना हुई थी। गत 28 मार्च से नाव के सभी संचार प्रणाली बंद हो गयी थी। यह भी सूचित किया गया कि नाव के भारतीय जल क्षेत्र में प्रवेश करने की संभावना जतायी गयी थी। यह जानकारी मिलने पर आईसीजी ने अपने जहाजों को क्षेत्र की ओर मोड़ दिया और निकटवर्ती व्यापारिक जहाजों से भी श्रीलंकाई नाव की तलाश करने का अनुरोध किया, जिसे अंततः दो अप्रैल को पुडुचेरी बंदरगाह से लगभग 40 समुद्री मील दूर तटरक्षक जहाज सी-449 ने देखा।

सूचना मिलने के बाद आईसीजी जहाज का तकनीकी दल श्रीलंकाई नाव तक पहुंच गया और इंजन की मरम्मत करने का प्रयास किया। हालाँकि, पुर्जों की कमी के कारण यह संभव नहीं हो सका। आईसीजी जहाज के चालक दल ने नाव पर भोजन और पानी जैसी आवश्यक आपूर्ति की स्थिति का पता लगाया।

इस बीच श्रीलंकाई अधिकारियों को मछली पकड़ने वाली नाव की स्थिति के बारे में सूचित किया गया और उसे बेस पोर्ट पर वापस ले जाने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया। आईसीजी द्वारा नाव के चालक दल के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की गई।

शुक्रवार को यह बताया गया कि श्रीलंकाई मछली पकड़ने वाली नाव के एक चालक दल के सदस्य पीएम सुमित ललिता(44) को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी उसे दिल की बीमारी से ग्रसित होने का संदेह जताया गया था। इस समय तक नाव चेन्नई से लगभग 60 समुद्री मील दूर तक बह चुकी थी। आईसीजी ने तुरंत अपना जहाज आईसीजीएस 'रानी अब्बक्का' नाव की ओर भेजा और कुछ ही घंटों में मरीज तक पहुंच गये। आईसीजी जहाज पर मरीज को प्राथमिक चिकित्सा उपचार दिया गया। उसी समय, आईसीजी द्वारा चेन्नई स्थित स्क्वाड्रन से एक एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) लॉन्च किया गया। आईसीजी हेलीकॉप्टर ने मरीज को गहरे समुद्र में आईसीजी जहाज से सफलतापूर्वक एयरलिफ्ट किया और उसे चेन्नई में तटरक्षक हवाई स्टेशन लाया गया।

प्रारंभिक चिकित्सा जांच के बाद मरीज को चेन्नई के एक अस्पताल में भर्ती किया गया। भारतीय तटरक्षक बल बहती श्रीलंकाई नाव के साथ-साथ श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है ताकि इसे जल्द से जल्द बेस पोर्ट पर वापस लाया जा सके। आईसीजी ने हाल के दिनों में भारत के पूर्वी और पश्चिमी तट पर गहरे समुद्र से ऐसे कई सफल चिकित्सा निकासी कार्य किए हैं।

चुनाव प्रचार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



शनिवार को नीलगिरि संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार वीएल मुरुगन ने ओवेली, कुदालुर नगर और पुलियामपराई क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया।




# चेन्नई के स्पेस स्टार्ट-अप का पहला रॉकेट लॉन्च फिर हुआ स्थगित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई स्थित स्पेस स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस के पहले रॉकेट अग्निबाण सब ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर (एसओआरटीईडी) का आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा स्थित भारतीय अंतरिक्ष संस्थान के शार रेंज से प्रक्षेपण शनिवार को एक बार फिर स्थगित कर दिया गया।

स्थगन के लिए हालांकि कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया, लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तकनीकी समस्या के कारण इसे टाल दिया गया है। अग्निकुल कॉसमॉस ने घोषणा की कि लॉन्च स्थगित कर दिया गया है और नई तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी।

एक संक्षिप्त बयान में कहा गया, प्रक्षेपण को बाद की तारीख के लिए स्थगित कर दिया गया है। गौरतलब है कि स्पेस स्टार्टअप ने पहले इसे 22 मार्च को लॉन्च करने की योजना बनाई थी, लेकिन तकनीकी मुद्दों के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। इसे आज लॉन्च करने के लिए फिर से निर्धारित किया गया था, लेकिन इसे फिर से टाल दिया गया।

अग्निकुल के अधिकारियों ने कहा कि प्रक्षेपण आज सुबह छह बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) में निर्मित अग्निकुल के अपने लॉन्च पैड से निर्धारित किया गया था।इसरो के स्पेसपोर्ट पर स्थित एक निजी लॉन्च पैड से यह भारत का पहला प्रक्षेपण होगा। प्रक्षेपण इसरो अध्यक्ष एस.सोमनाथ, इन-स्पेस अध्यक्ष डॉ पवन कुमार गोयनका और स्पेस स्पार्ट-अप के अधिकारी की की उपस्थिति में निर्धारित किया गया था।

# कांग्रेस कोलार सीट वापस छीन लेगी : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कोलार। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि कांग्रेस पार्टी कोलार संसदीय सीट भाजपा से छीन लेगी। कोलार में एक मेगा रोड शो को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कोलार हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा है, बीजेपी और जेडीएस ने एक-एक बार गलती से जीत हासिल की है। हम इस बार सीट वापस जीतेंगे। रमेश कुमार सहित जिले के कांग्रेस नेताओं ने बेंगलूरु से उपचारित पानी लाने के लिए कड़ी मेहनत की। आज, बेंगलूरु से उपचारित पानी ने जिले के किसानों के जीवन को बेहतर बना दिया है।

उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी ने कोलार संसदीय क्षेत्र के लिए एक युवा को टिकट दिया है। मैंने जिले के लोगों से बात की और वे कांग्रेस सरकार की पांच गारंटी योजनाओं के आभारी हैं। ये पांच गारंटी योजनाएं हैं जिनका वादा सिद्दरामैया और डीके शिवकुमार ने विधानसभा चुनावों के दौरान किया था। उन्होंने कहा, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के केंद्र में सत्ता में आने पर 5 न्याय योजनाओं के तहत 25 गारंटी योजनाओं की घोषणा की है। यह कांग्रेस पार्टी का गारंटी चेक है। गृहलक्ष्मी योजना की तर्ज पर घर की महिला को प्रति वर्ष 1 लाख रुपये मिलेंगे।

युवाओं को प्रति वर्ष 1 लाख रुपये का वजीफा मिलेगा। मनरेगा मजदूरों को प्रतिदिन 400 रुपये मजदूरी मिलेगी। किसानों को एमएसपी, कर्ज माफी और 25 लाख रुपये का बीमा मिलेगा। कांग्रेस पार्टी सभी लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा, भाजपा ने राज्य से अपने आधे मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है और यह उसकी असुरक्षा को दर्शाता है। भाजपा देश में 200 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। केंद्र में कांग्रेस की सरकार आएगी और इससे आप सभी को फायदा होगा।

उन्होंने कहा, हमने कुरुदुमलाई में भगवान गणेश की पूजा करके अभियान की शुरुआत की है। हमने पिछले चुनाव में जो कहा था, उसे पूरा किया है। अब मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने आपके जीवन को बेहतर बनाने के लिए कई वादे किए हैं और उन्हें तुरंत पूरा किया जाएगा।

कांग्रेस उम्मीदवार गौतम शिक्षित और समझदार हैं। वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। आप सभी को जिले के बेटे की तरह उनका समर्थन करना चाहिए।

# और अधिक लोग हमारी पार्टी में शामिल होंगे : सिद्दरामैया



**कोलार।** मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि आज कोलार से आधिकारिक तौर पर प्रचार अभियान की शुरुआत हो गई है और लोगों की प्रतिक्रिया बहुत अच्छी है। सभी जातियों, मध्यम वर्ग के लोग हमारे पक्ष में हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इस बार कांग्रेस उम्मीदवार बड़े अंतर से जीतेंगे। वह आज लोकसभा प्रत्याशी केवी गौतम के चुनाव प्रचार में भाग लेने के दौरान मीडिया से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के बजट में केंद्र ने 5300 करोड़ आवंटित किए थे। क्या उन्होंने एक रुपया भी दिया? 15वें वित्त आयोग ने 5495 करोड़ देने का वादा किया था। उन्होंने परिधीय रिंग रोड और झीलों के विकास के लिए प्रत्येक के लिए 3000 करोड़ रुपये आवंटित करने का भी वादा किया था। क्या उन्होंने दिया? क्या उन्होंने विदेश से 15 लाख रुपये लाए और सभी को दिए? भाजपा ने वादा किया था कि वे हर साल 2 करोड़ रोजगार पैदा करेंगे। उन्होंने कहा कि अच्छे दिन आएंगे और किसानों की आय दोगुनी होगी, उन्होंने कहा कि वे कीमतें कम करेंगे। क्या उन्होंने दिया? मुख्यमंत्री ने लोगों से भाजपा को वोट क्यों देना चाहिए, इस बारे में कई सवाल पूछे। उन्होंने कहा, 'लोगों ने हमारी गारंटी पर भरोसा किया और वोट दिया। हमने सभी पांच गारंटियों को लागू किया है।' भाजपा के इस बयान पर कि लोकसभा चुनाव के बाद सरकार गिर जाएगी, उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 136 सीटें जीती हैं और 43 प्रतिशत वोट हासिल किए हैं। भाजपा ने 64 सीटें जीती हैं। हमारी पार्टी में और लोग शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार गिरने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि गारंटी पांच साल तक लागू रहेगी। मंत्री केएच मुनियप्पा के प्रचार में अनुपस्थित रहने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि वह बेंगलूरु ग्रामीण जिले में व्यस्त होने के कारण यहां नहीं आ सके।

# नए नायकों की तलाश में अपने खिलाड़ियों का समर्थन जारी रखेगा चेन्नई सुपर किंग्स : फ्लेमिंग



**चेन्नई/हैदराबाद।** तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच में खराब प्रदर्शन के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनकी टीम नए नायकों की तलाश में अपने खिलाड़ियों का समर्थन जारी रखेगी।

चेन्नई को शुक्रवार को खेले गए मैच में सनराइजर्स से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह इस सत्र में उसकी दूसरी हार है। इस सत्र में पहली बार खेल रहे मुकेश को 'इंपैक्ट सब्सीट्यूट' के रूप में उतारा गया लेकिन उन्होंने एक ओवर में 27 रन लुटाए्। यह आईपीएल के वर्तमान सत्र में दूसरा सबसे महंगा ओवर है। फ्लेमिंग ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'आज हमें मुकेश चौधरी को उतारने का मौका मिला। कुछ समय पहले उसने अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आज उसका दिन नहीं था। लेकिन यह आईपीएल का हिस्सा है।'' उन्होंने कहा, 'यह खिलाड़ियों के प्रबंधन से जुड़ा है और जब आप अपनी मारक क्षमता में खुद को कमतर पाते हैं तो फिर यह नए नायकों के तलाश से जुड़ जाता है। आज ऐसा नहीं हुआ लेकिन हम जिन खिलाड़ियों को आजमा रहे हैं उन पर हमें भरोसा है तथा उन्होंने अच्छा अभ्यास किया है और अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं।' चेन्नई को इस मैच में तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान की सेवाएं नहीं मिल सकी जो टी20 विश्व कप के लिए अपना वीजा लगाने के लिए बांग्लादेश गए हैं। फ्लेमिंग से पूछा गया कि क्या चेन्नई को रहमान की कमी खली, उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं, यह आईपीएल का हिस्सा है। वह यहां नहीं था तो हम उसका उपयोग नहीं कर सकते थे। आईपीएल में खिलाड़ियों का चोटिल होना और किसी कारण से खिलाड़ी की सेवाएं नहीं मिलना प्रक्रिया का हिस्सा है।




# कांग्रेस परिवारवादी एवं भ्रष्टाचारी पार्टी : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



पुष्कर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे परिवारवादी एवं भ्रष्टाचारी पार्टी बताया और कहा कि कांग्रेस जहां रहती है वहां विकास हो ही नहीं सकता। मोदी ने कहा कि जिस तेज रफ्तार से देश का विकास होना चाहिए वह तेज रफ्तार सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही दे सकती है। प्रधानमंत्री पुष्कर-अजमेर में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा,कांग्रेस जहां रहती है वहां विकास हो ही नहीं सकता। कांग्रेस ने न कभी गरीबों की परवाह की और न ही कभी वंचितों, शोषितों एवं युवाओं के बारे में सोचा। उन्होंने कहा, कांग्रेस के लिए यही कहा जा सकता है- एक तो करेला, दूसरा नीम चढ़ा। एक तो परिवारवादी पार्टी और दूसरा उतना ही भ्रष्टाचारी पार्टी।

मोदी ने राजस्थान में कांग्रेस की पिछली सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा,कांग्रेस सरकार में राजस्थान को लेकर कैसे खबरें आती थीं? युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ वाली पेपर लीक की खबरें आए दिन पढ़ने को मिलती थीं। अपराधियों और माफियों के बेलगाम अपराध की खबरें.. बेटियों के साथ अत्याचार की खबरें, पानी की विकराल होती समस्या की खबरें। कांग्रेस सरकार में लूट की हिस्सेदारी को लेकर सिर-फुटव्वल की खबरें आया करती थीं। देश में राजस्थान की चर्चा केवल नकारात्मक कारणों से होने लगी थी।

उन्होंने कहा, लेकिन जब से भाजपा आई है... तब से चर्चा पेपर माफियाओं पर हो रही कार्रवाई की हो रही है... अब खबरें अपराधियों पर कस रहे कानून के शिकंजे की आती हैं। यहां भाजपा सरकार के आने के सौ दिन के भीतर ही वर्षों से लटकी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना ईआरसीपी पर सहमति बन गई है।

मोदी ने कहा, जिस तेज रफ्तार से देश का विकास होना चाहिए वह तेज रफ्तार सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही दे सकती है। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र 'न्याय पत्र' को 'झूठ का पुलिंदा' करार देते हुए मोदी ने कहा,कल कांग्रेस पार्टी ने एक झूठ का पुलिंदा जारी किया। उसने अपना घोषणा पत्र जारी किया है। यह झूठ का पुलिंदा है। कांग्रेस की एक बहुत बड़ी सचाई... कांग्रेस को बेनकाब करने वाला यह घोषणा पत्र है।

मोदी ने कहा,आप देखिए, हर पन्ने पर भारत के टुकड़े करने की बू आ रही है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में वही सोच झलकती है जो सोच आजादी के समय मुस्लिम लीग में थी। मुस्लिम लीग के उस समय के विचारों को कांग्रेस आज भारत पर थोपना चाहती है। उन्होंने कहा, मुस्लिम लीग की छाप वाले इस घोषणा पत्र में जो बचा-खुचा हिस्सा था उसमें वामपंथी हावी हो गए हैं। आज की कांग्रेस के पास न सिद्धांत बचा है, न ही नीतियां बची हैं। ऐसा लग रहा है कांग्रेस सबकुछ ठेके पर दे चुकी है।

मोदी ने कहा,ये जो देश के बड़े-बड़े नामदार.... कांग्रेस एवं शाही परविार के बड़े नामदार इस कामदार को गाली देते हैं... वे नामदार हैं, शायद गाली देना वे अपना अधिकार मानते होंगे। यह कामदार ऐसा है कि हर गाली को पचा जाता है। उन्होंने कहा, ये लोग मोदी से इसलिए नाराज हैं क्योंकि मोदी आज देश के गांव-गरीब के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। जनता के पैसे को लूटना ये लोग अपना खानदानी हक समझते थे। मोदी ने लूट की इस बीमारी का स्थायी इलाज कर दिया है। मोदी ने इनकी लूट की दुकान का शटर गिरा दिया है।

उन्होंने कहा,कांग्रेस का घमंडिया गठबंधन मोदी से परेशान है, इसलिए चिढ़ता है। वह गुस्सा करता है, गाली देता है। लेकिन कांग्रेस के लोग समझ लें आप जितना कीचड़ उछालेंगे, कमल उतना ही ज्यादा खिलने वाला है। उन्होंने यह भी कहा,देश के इतिहास में कभी-कभी ऐसे मौके आते हैं जब उस देश के नागरिकों का एक फैसला अगले सैकड़ों वर्षों का भविष्य तय करता है। 2024 का यह चुनाव ऐसा ही बड़ा अवसर है। राज्य में लोकसभा चुनाव दो चरणों में 19 और 26 अप्रैल को होंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल को 12 सीट-- गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर में मतदान होगा। दूसरे चरण में 13 सीट-- टोंक, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़ पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होगा।

## राजस्थान में सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता ने फंदा लगाकर खुदकुशी की

जयपुर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता ने कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्थानीय लोगों और रिश्तेदारों ने मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने और परिवार को मुआवजा देने की मांग को लेकर सूरतगढ़ शहर में अस्पताल के शवगृह के बाहर धरना दिया।

श्रीगंगानगर पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि 25 मार्च को तीन लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था और 26 मार्च को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि पीड़िता ने अपने घर में फंदा लगा लिया, जिसके बारे में बृहस्पतिवार सुबह पता चला। उन्होंने बताया कि परिजनों और स्थानीय लोगों ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार को शवगृह के बाहर धरना दिया और मामले को सुलझाने के लिए पुलिस तथा प्रशासन के साथ कई दौर की बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि वे अब पोस्टमॉर्टम के लिए सहमत हो गए हैं।



# भजनलाल ने पुष्कर में पवित्र सरोवर की पूजा-अर्चना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने शनिवार को अजमेर के निकटवर्ती तीर्थराज पुष्कर में पवित्र सरोवर की पूजा-अर्चना की। भजनलाल पुष्कर में मेला मैदान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'विजय शंखनाद सभा' में शिरकत करने से पहले पुष्कर सरोवर पहुंच कर विधिवत पूजा-अर्चना की। भरतपुर के पण्डित नरेश रायता ने मुख्यमंत्री को बर्ह्म घाट पर पूजा करवाई। इस दौरान पुष्कर सीट के विधायक एवं राज्य के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, अजमेर लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री का बर्ह्म घाट पहुंचने पर पुष्कर तीर्थ पुरोहित संघ की ओर से अगवानी कर अभिनंदन किया गया।

इससे पहले उप मुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने भी पवित्र सरोवर के ब्रह्माघाट पर पूजा कर भाजपा की जीत की कामना की। बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में 25 सीटें जीतकर वह हैट्रिक बनाने जा रहे हैं। उल्लेखनीय है दीयाकुमारी कल रात से ही प्रधानमंत्री की सभा की व्यवस्था देखने पुष्कर में डेरा डाले रहीं।

# मोदी के नेतृत्व में हुआ देश का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं आर्थिक विकास : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




अजमेर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकसभा चुनाव के तहत शनिवार को अजमेर के पुष्कर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा के 10 वर्षों के विकास कार्यों एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच व आमजन के कल्याण से जुड़े कार्यों एवं योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में 2024 में पुनः भाजपा की सरकार बनानी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने सदैव देश के विकास एवं प्रगति हेतु कार्य किया है। भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को अपना मूल मंत्र मानकर राष्ट्रनिर्माण एवं जन सेवा का कार्य करते है। शर्मा ने कहा कि जनसंघ की स्थापना से लेकर भाजपा के गठन तक व वर्तमान समय में हमारे कुशल नेतृत्व ने विभिन्न मुद्दों एवं चुनौतियों का सामना किया है। स्व. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जम्मू कश्मीर को लेकर देखे गए विजन को प्रधानमंत्री मोदी ने मूर्त रूप दिया। धारा 370 को लेकर पार्टी ने जो वादा किया उसे भी उन्होंने पूरा किया।

शर्मा ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान रामलला के भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण ने 500 वर्षों के संघर्ष की सार्थकता को पूरा किया और यह सब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत इरादे व दृढ़संकल्प से संभव हो सका। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया 11 दिवसीय उपवास ने हम सभी को प्रेरणा दी कि हम भी हमारी सनातन संस्कृति को इसी प्रकार से आगे बढ़ाये। विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री जी द्वारा लिए गए फैसलों से देश मजबूत बना है और विश्व में राष्ट्र की विशिष्ट पहचान कायम हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत की पहचान हमारे मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर एवं उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर के निर्माण ने हमारे मंदिरों की अलौकिक भव्यता को बढ़ाया है। यह सब प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के दूरगामी सोच का ही परिणाम है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मात्र तीन माह से कुछ अधिक समय में हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री जी द्वारा दी गई गारंटियों को पूरा करने का कार्य किया है। संकल्प पत्र की 45 प्रतिशत गारंटियां हम पूरी कर चुके हैं। इस अवसर पर अजमेर एवं नागौर लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशियों सहित भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न नेता एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# मोदी झूठों के सरदार : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को झूठों का सरदार करार देते हुए कहा है कि दस साल पहले जनता से जो वादे किए गए वे आज तक पूरे नहीं हुए और वह जहां भी जाते हैं कुछ न कुछ नया झूठ बोलकर आते हैं। खरगे शनिवार को यहां जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा करते हुए कहा अगर लोकसभा चुनाव में हमारी सरकार आई तो हम जनता को दी सभी गारंटियों को अमल में लायेंगे, हम कभी झूठ बोलने वाले में से नहीं हैं जैसा की मोदी झूठ बोलते हैं और हर जगह जाते है कुछ न कुछ नया झूठ बोल कर आते हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी ने कितनी गारंटिया दी है और वे लोगों तक पहुंची हैं। उन्होंने शुरु में पहली गारंटी युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी देने की गांरटी दी थी और पिछले दस साल में 20 करोड़ युवाओं को नौकरी दी जानी चाहिए थी लेकिन युवाओं को नौकरी नहीं मिली।

उन्होंने सवाल किया कि मोदी प्रधानमंत्री है, वह झूठ कैसे बोल सकते हैं लेकिन वे झूठे हैं और इस दौरान वह युवाओं को नौकरी नहीं दे पाये। उन्होंने कहा कि मोदी ने यह भी कहा था कि बाहर के देशों में कांग्रेस के लोगों का काला धन रखा है वह लाकर देश के हर व्यक्ति को 15 लाख रुपए दिए जायेंगे लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं किया गया।

खरगे ने कहा कि मोदी ने किसानों के लिए उनकी आमदनी दोगुनी करने का वादा भी किया था लेकिन किसानों की आमदनी दोगुनी नहीं हुई। इसी तरह अन्य कई वादे जनता से किए लेकिन उन्हें पूरा नहीं कर पाये। उन्होंने कहा कि इसलिए मोदीजी झूठों के सरदार है और वह झूठ बोलते है। खरगे ने मोदी के हाल में चुरु की जनसभा में दिए भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि आज किसान परेशान है और वे आत्महत्या कर रहे है लेकिन किसानों के बारे में कोई बात नहीं बोली और कश्मीर अनुच्छेद 370 को निकाल देने की बात कही जबकि इसका यहां के लोगों से क्या वास्ता हैं, यह बात तो उन्हें कश्मीर एवं जम्मू में बोलते तो इसका वह असर होता।



# असंवेदनशीलता बर्दाश्त नहीं, सख्त कार्रवाई होगी : शुभ्रा सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर, । प्रदेश की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। जनसेवा और जीवन रक्षा का उद्देश्य ही सर्वोपरि है। स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में किसी भी स्तर पर असंवेदनशील रवैया या लापरवाही सामने आई तो सख्त कार्रवाई होगी। ऐसे मामलों में दोषी अधिकारी या कार्मिक के साथ-साथ संबंधित उच्च अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

सिंह शनिवार को स्वास्थ्य भवन में मौसमी बीमारियों, चिकित्सा संस्थानों के लिए भूमि की उपलब्धता, फायर एनओसी सहित अन्य विषयों पर आयोजित राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि विगत दिनों में कुछ चिकित्सा संस्थानों में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों का मरीजों के प्रति असंवेदनशील रवैया रहा या लापरवाही हुई। ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को निर्देश दिए कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए चिकित्सा प्रबंधन से संबंधित एसओपी और गाइडलाइंस को और सुदृढ़ बनाया जाए। साथ ही, अस्पताल प्रबंधन पूरी गंभीरता के साथ व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करे। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मौसमी बीमारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस बार मौसमी बीमारियों की रोकथाम और प्रसार को रोकने के लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रदेश में एक अप्रेल से मलेरिया क्रेश प्रोग्राम चलाया जा रहा है, ताकि बारिश के मौसम में इस बीमारी का प्रसार नहीं हो।



# खुद को महान मानकर देश, लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं मोदी : सोनिया गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए शनविार को कहा कि वह खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा, आज हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है। संविधान को बदलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा, यह देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं हैं, ये देश हम सबका है। इसे हमारे पुरखों ने अपने खून से सींचा है। सोनिया गांधी यहां विद्याधर नगर में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा, देश से ऊपर हो जाने की बात सपने में भी नहीं सोची जा सकती। क्या कोई देश से बड़ा हो सकता है? जो ऐसा सोचता है देश की जनता, मेरी प्यारी बहनें, नौजवान, किसान, मजदूर, आदिवासी उसे सबक सिखा देते हैं। दुर्भाग्य से आज हमारे देश में ऐसे नेता सत्ता में विराजमान हैं। मोदी जी खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने, भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) में शामिल कराने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

सोनिया गांधी ने कहा, हमारा देश पिछले 10 साल से एक ऐसी सरकार के हवाले है जिसने बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक संकट, असमानता व अत्याचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस मोदी सरकार ने जो-जो किया है वो हमारे, आपके सामने है। इसलिए यह समय हताशा से भरा हुआ है। उन्होंने कहा, लेकिन जान लीजिए हताशा के साथ ही उम्मीद का भी जन्म होता है। मुझे पूरा यकीन है कि कांग्रेस के हमारे साथी न्याय के दीपक को अपने सीने की आग से जलाएंगे और हजार आंधियों से संभालकर आगे बढ़ेंगे।

उन्होंने कहा, ... क्योंकि ये देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं है, ये देश हम सबका है। इसे हमारे पुरखों ने अपने खून से सींचा है। इसकी हवाओं में हमारी मां बहनों के पसीने का नमक है। यह देश हमारे बच्चों का आंगन है। इस देश के मासूम बच्चों से उनके हिस्से का न्याय छीना नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, कभी हमारे महान पूर्वजों ने अपने कठिन संघर्ष के बल-बूते पराधीनता के अंधेरे में देश की स्वाधीनता के सूर्य को खोजा और पाया था। इतने वर्षों बाद वह महान ज्योति कुछ मद्धिम पड़ गई है। चारों ओर अन्याय का अंधकार बढ़ा है। हम सभी का संकल्प होना चाहिए कि हम इसके खिलाफ लड़ेंगे, न्याय की रोशनी खोजेंगे।

देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं के खतरे में होने की बात करते हुए उन्होंने कहा, आज हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है। मेहनत से खड़ी की गई लोकतांत्रिक संस्थाओं को राजनीतिक सत्ता के हथियार से बर्बाद किया जा रहा है। यही नहीं हमारे संविधान को बदलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। पूरे तंत्र में भय बताया जा रहा है। यह सब क्या है? ये तो तानाशाही है और हम सब इस तानाशाही का जवाब देंगे।

महंगाई व बेरोजगारी का जिक्र करते हुए सोनिया गांधी ने कहा, आज रोज की कमाई से खाने पीने का सामान तक जुटा पाना मुश्किल है। मेहनकश कामगार के परिश्रम का मोल कम होता जा रहा है। रसोई की महंगाई बार-बार मेरी बहनों की अग्नि परीक्षा ले रही है। किसानों और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे बच्चियां बेरोजगार हैं। गरीब जितना जोर लगा ले उसके पास शक्ति, सफलता व रोशनी पहुंच नहीं पा रही है।

उन्होंने कहा, आज देश महान जनता का, आपकी जागरूकता का रास्ता देख रहा है। इसलिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने 'न्याय घोषणा पत्र को पांच हिस्सों में बांटा है। रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी संबोधित किया। पार्टी ने इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र 'न्याय पत्र' को राजस्थान के लिए जारी किया।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित हुई प्रदर्शनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। भाजपा के 45वें स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनसंघ के सफर से विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल बनने तक के सफर पर आयोजित प्रदर्शनी का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया और अवलोकन किया। वहीं भाजपा की प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ने ध्वजारोहण किया।

स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आजादी मिलने के बाद महात्मा गांधी ने कहा था कि अब कांग्रेस का कोई परपज नहीं है इसे खत्म कर देना चाहिए। अंतरिम सरकार बनने के बाद देश में दो विचारधाराएं बनी एक विचारधारा वह थी जो निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र और भारत माता की सेवा के लिए समर्पित थे। वहीं दूसरी विचारधारा में कुछ स्वार्थी लोग थे, जिन्होने सदैव अपने हितों को देश से आगे रखा। 21 अक्टूबर 1951 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल जैसे राष्ट्रवादी लोगों ने जनसंघ की नींव रखी और एक ध्येय वाक्य के साथ आगे बढ़े। कश्मीर को लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का विजन स्पष्ट था, उन्होने कहा था कि इस देश में दो विधान, दो प्रधान नहीं चल सकते। उन्ही श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारधारा पर चलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर अपने संकल्प को पूरा किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि आप लोग याद कीजीए 1975 का आपातकाल जब पत्रकारों, युवाओं और कार्यकर्ताओं को जेल में डालने का काम किया गया था। उस दौर में कांग्रेस के अत्याचारों से हर वर्ग दुखी था, केवल एक ही परिवार की राजनीति करने वाले लोगों ने राष्ट्र के मूल्यों पर कुठाराघात किया। ऐसे में देश के भीतर 06 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई, और यह वह राजनैतिक दल है जिसका कार्यकर्ता साल के 365 दिन, महिने के 30 दिन और 24 घंटे काम करता है।



## तानाशाही ताकतों के मंसूबों को नाकाम कर जल्द रिहा होंगे हेमंत सोरेन : कल्पना

**रांची/भाषा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि जेल में बंद उनके पति ''तानाशाही ताकतों के मंसूबों को नाकाम कर जल्द रिहा होंगे। कल्पना ने यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कार्यालय में एक बैठक में भाग लेने के बाद कहा, हम लड़ेंगे, हम जीतेंगे। इस तरह की अटकलें हैं कि पार्टी कल्पना को गांडेय विधानसभा सीट से मैदान में उतार सकती है, जहां 20 मई को उपचुनाव होना है। गिरिडीह जिले के अंतर्गत गांडेय सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। कल्पना ने बैठक के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, झामुमो का एक-एक सिपाही केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ लड़ रहा है।

# मुस्लिम बाहुल्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मोदी ने तीन तलाक का मुद्दा उठाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com






**सहारनपुर (उप्र)/भाषा।** आम तौर पर मुसलमानों और विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं के साथ भावनात्मक संबंध बनाने का प्रयास करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तीन तलाक की तुलना लटकती तलवार से करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को इससे मुक्ति दिलाई और आने वाली सदियों तक वे मोदी को आशीर्वाद देंगी।

सहारनपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा,''भाजपा सरकार ने सालों से चली आ रही तीन तलाक की कुप्रथा का अंत किया है...हमने कड़ा कानून बनाकर करोड़ों मुस्लिम बहनों के हित में काम किया। उनके परिवार को पुनर्स्थापित किया। ...अब कुछ लोग कभी-कभी कहते हैं कि उत्साह में मोदी ने जो तीन तलाक खत्म किया है, इससे मुस्लिम महिलाओं को लाभ हुआ है। मैं समझता हूं कि उनको पूरी समझ नहीं है...। इससे सिर्फ मुस्लिम महिलाओं का भला हुआ है, ऐसा नहीं है। मोदी ने कहा कि कोई भी मुस्लिम महिला किसी की बेटी होती है, किसी की बहन होती है...और जब माता-पिता बेटी को शादी करवाकर ससुराल भेजते हैं, कितने बड़े सपने देखकर भेजते हैं...लेकिन मन में चिंता रहती है कि कहीं दामाद नाराज हो जाएं और तीन तलाक बोल दें और अगर बेटी घर वापस आ जाए तो पूरा परिवार तबाह हो जाएगा। उन्होंने कहा, ..भाई को चिंता रहती है कि अगर बहन वापस आ जाए तो क्या होगा, मां को चिंता रहती है...इस के लिए तीन-तलाक की परंपरा को खत्म करके, हमने पूरे मुस्लिम परिवार को बचाया है...उसे लटकती तलवार से मुक्ति दिलवा दी है। आने वाली सदियों तक मुस्लिम बेटियां मोदी को आशीर्वाद देती रहेंगी।

प्रधानमंत्री का यह भाषण इस मायने में महत्वपूर्ण है कि सहारनपुर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोकसभा क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मुस्लिम आबादी है।



### आज दुनिया देख रही है कि

## दुश्मनों की मांद में घुस करके उन्हें ठिकाने लगाना जानता है भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बिजनौर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दुनिया भर में भारत की बढ़ती साख और ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि आज दुनिया देख रही है कि भारत दुश्मनों की मांद में घुस करके उन्हें ठिकाने लगाना जानता है।

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को यहां चांदपुर के हिंदू इंटर कॉलेज के खेल मैदान में भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दल राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के बिजनौर क्षेत्र के उम्मीदवार चंदन चौहान के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पाकिस्तान में दो वर्षों में 20 आतंकवादी मारे गए हैं। इसका जिक्र दो दिन पहले ब्रिटेन के प्रतिष्ठित समाचार पत्र 'द गार्डियन' में किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा,'' इसका स्त्रोत (आतंकवादियों के मारे जाने का) वही बता सकते हैं, लेकिन एक बात तय है कि भारत आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुलवामा की घटना के बाद कहा था कि भारत माता के सपूतों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। आज दुनिया देख रही है कि भारत दुश्मनों की माद में घुस करके उन्हें ठिकाने लगाना जानता है। योगी ने कहा, भारत ने हवाई हमले के माध्यम से यह करके दिखाया।



## भाषणों के साथ नृत्य से जनता का ध्यान आकर्षित कर रहे हिमंत विश्व शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान न केवल अपने उग्र भाषणों से बल्कि अपने 'नृत्य' कौशल से भी जनता का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इस पूर्वोत्तर राज्य में चुनावी सरगर्मी तेज होने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक अपने नृत्य से मतदाताओं का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। असम में 14 लोकसभा सीटों पर पहले तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होगा।

शर्मा ने शनिवार को जोरहाट निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करते हुए अपनी सभाओं के अंत में भाजपा के थीम गीत 'एक और बार, मोदी सरकार' पर नृत्य किया, जिस पर दर्शक भी झूमने लगे। शिवसागर या मरियानी में रैली के अंत में मुख्यमंत्री ने गीत गाया और नृत्य किया जबकि जनता से भी उनका साथ देने की अपील की।

शर्मा ने अपने भाषणों में केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा नीत सरकारों के विभिन्न कल्याणकारी कदमों का उल्लेख किया और जनता से लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए वोट करने की अपील की।

चुनाव प्रचार के दौरान नृत्य करते हुए एक वीडियो शुक्रवार को 'एक्स' पर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, हम सभी 'मोदी का परिवार' हैं। बेशक हम अपनी रैलियों में गाते और नाचते हैं।

### योजनाएं बनाते ही

## भाजपा की सरकारें भ्रष्टाचार शुरू कर देती हैं : अखिलेश यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को दावा किया कि समाजवादी सरकारों ने उत्तर प्रदेश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाते हुए बड़ी सोच एवं बड़े लक्ष्य के साथ विकास कार्य किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकारें योजनाएं बनाते ही भ्रष्टाचार शुरू कर देती हैं तथा भाजपा की जितनी नीतियां और योजनाएं बनी हैं वे लूट और भ्रष्टाचार का केन्द्र रही हैं।

शनिवार को सपा प्रमुख ने यहां जारी एक बयान में कहा, समाजवादियों ने देश और जनता के लिए हमेशा बड़े विजन के साथ काम किया है। दूसरी तरफ भाजपा सरकार ने विकास कार्य रोकने का कार्य किया। यादव ने आरोप लगाया, भाजपा की सोच संकुचित है। भाजपा सरकार में जो भी काम हुए उनमें भारी भ्रष्टाचार हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया था लेकिन उद्घाटन के साथ ही वह टूट गया था क्योंकि उसमें जमकर कमीशनखोरी हुई थी।

यादव ने यह भी आरोप लगाया, भाजपा की सरकारें योजनाएं बनाते ही भ्रष्टाचार शुरू कर देती हैं। भाजपा की जितनी नीतियां और योजनाएं बनी हैं वे लूट और भ्रष्टाचार का केंद्र रही हैं। नोटबंदी, चुनावी बॉण्ड सबसे बड़े भ्रष्टाचार के उदाहरण हैं।

## 'धनशोधन' के लिए आतिशी ने ईडी से की भाजपा के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की मंत्री आतिशी ने निर्वाचन आयोग का नोटिस मिलने के एक दिन बाद शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कथित धनशोधन के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए निर्वाचन आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। आतिशी ने दावा किया था कि भाजपा ने उसे पार्टी में शामिल होने अथवा एक माह के भीतर ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने को कहा है, इसके बाद आयोग ने आतिशी को नोटिस जारी किया।


मंत्री ने कहा, महज शक के आधार पर ईडी ने आप नेता संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और यहां तक की हमारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ धन के लेन-देन का कोई सबूत नहीं मिला। उन्होंने कहा, ईडी ने भाजपा नेताओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की है, जहां जांच एजेंसी धन के लेन-देन को साबित करने में सक्षम है।

आप ने पिछले महीने ईडी से कहा था कि वह भाजपा के खिलाफ मामला दर्ज करे। पार्टी ने आरोप लगाया था कि कथित आबकारी नीति घोटाले के एक आरोपी से भाजपा को चुनावी बॉण्ड के माध्यम से करोड़ों रुपए मिले हैं।

आतिशी ने विपक्ष को निशाना बनाने के लिए अन्य केंद्रीय एजेंसियों की तरह निर्वाचन आयोग का इस्तेमाल करने का भाजपा पर आरोप लगाया।

## एनआईए अधिकारियों पर हमला टीएमसी की तालिबानी मानसिकता का प्रत्यक्ष प्रमाण : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा ने बंगाल में एनआईए अधिकारियों पर हुए हमले को शनिवार को राज्य सरकार प्रायोजित हमला करार दिया और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2022 विस्फोट मामले की जांच में बाधा उत्पन्न करने के लिए हिंसा भड़काई, ताकि घटना में शामिल लोगों को बचाया जा सके। एनआईए द्वारा 2022 विस्फोट मामले में 2 प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किए जाने के बाद भाजपा की यह टिप्पणी आई।

प. बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान भीड़ ने शनिवार को जांच एजेंसी की टीम पर हमला कर दिया। घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, एनआईए अधिकारियों पर हमला बम विस्फोट मामले की जांच में बाधा डालने के लिए राज्य सरकार द्वारा कराया गया संदेशखालि 2.0 है। उन्होंने आरोप लगाया, यह महज संयोग नहीं, बल्कि एक सुविचारित प्रयोग है। यह एनआईए अधिकारियों पर राज्य सरकार प्रायोजित हमला है। यह हमला सत्तारूढ़ टीएमसी द्वारा कराया गया। पूनावाला ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर इलाके में एनआईए अधिकारियों पर हमले का तरीका हाल में उत्तर 24 परगना के संदेशखालि क्षेत्र में शाहजहां शेख को ''बचाने'' के लिए सत्तारूढ़ टीएमसी द्वारा ईडी के अधिकारियों पर कराए गए हमले के समान है।

## लोकसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं, फिर भी 'इंडि' गठबंधन पूर्ण बहुमत हासिल करेगा : जयराम रमेश



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव ''निष्पक्ष नहीं'' हैं और इसमें विपक्षी दलों को निशाना बनाया जा रहा है, फिर भी ''पांच न्याय, 25 गारंटी'' पर जनता की प्रतिक्रिया के कारण चुनाव में 'इंडि' गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश के लोग चुनाव की स्वतंत्रता एवं निष्पक्ष खत्म करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी प्रयासों को खारिज कर देंगे।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अंदरखाने ''बहुत हुआ 10 साल अन्याय काल'' की लहर है। रमेश ने देश को ''नया भारत'' बताने वाली मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हालिया टिप्पणियों को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये ''ध्यान भटकाने वाली रणनीति'' हैं जिसका उद्देश्य कांग्रेस के ''पांच न्याय, पचीस गारंटी'' और घोषणापत्र की बातों से ध्यान हटाया जाए।

## कुटुंब अदालतों के अधिकार क्षेत्र में विस्तार के लिए विधायी संशोधन की जरूरतः न्यायमूर्ति कोहली



**देहरादून/भाषा।** न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने सुझाव देते हुए कहा कि कुटुंब अदालतों के अधिकार क्षेत्र का विस्तार करने और मामलों के सुचारू तथा प्रभावी तरीके से निपटारे के लिए उनके क्षेत्राधिकार में विस्तार के खातिर विधायी संशोधन की जरूरत है। कोहली कुटुंब अदालत के मामलों के लिए उच्चतम न्यायालय की समिति की प्रमुख हैं। कुटुंब अदालती मामलों पर उत्तरी क्षेत्र के दो दिवसीय सम्मेलन में अपने मुख्य भाषण के दौरान न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि 1984 में अस्तित्व में आया कुटुंब अदालत अधिनियम व्यापक है लेकिन इसकी अपनी सीमाएं हैं जो कुटुंब अदालतों के प्रभाव को कम करती हैं।

## राम का नाम लेकर नाथूराम के एजेंडे को आगे बढ़ा रही भाजपा : कन्हैया कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भगवान राम का नाम लेकर नाथूराम के सांप्रदायिक और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया और कहा कि देश की राजनीति में 'व्यक्तिवाद' परिवारवाद से ज्यादा खतरनाक है।

कुमार ने यह भी दावा किया कि भाजपा हिंदू धर्म की महानता को कम करने का प्रयास कर रही है और कहा कि राम की संकल्पना में किसी के लिए नफरत का कोई स्थान नहीं है। कुमार ने यहां 'पीटीआई' मुख्यालय में समाचार एजेंसी के संपादकों से बातचीत में यह भी कहा कि गांधी-नेहरू परिवार के योगदान को कमतर दिखाने का प्रयास हो रहा है। उनसे सवाल किया गया कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से देश में राम मंदिर लहर की बात हो रही है जिससे भाजपा को फायदा हो सकता है, तो इस मुद्दे से कांग्रेस कैसे 'डील' करेगी?

इस पर कुमार ने कहा, कांग्रेस को इससे डील करने (निपटने) की क्या जरूरत है। अगर राम जी की लहर है तो यह बुरी बात नहीं है। बुरा तब होता जब नाथूराम (महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोड़से) की लहर होती। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भाजपा जो प्रचार कर रही है, उसमें उसकी कोई भूमिका नहीं है। राम जी त्रेता युग में हुए थे, भाजपा 1980 में बनी है। भाजपा इस काम में लगी है कि राम को मानने वाले लोगों को कैसे ठगा जाए, इसलिए नाम तो राम का लेते हैं लेकिन काम नाथूराम के करते हैं। यह जो खेल है इससे भाजपा को फायदा होता है। कुमार के अनुसार यह देश की संस्कृति, इतिहास और आने वाली पीढ़ी के खिलाफ है। उन्होंने कहा, अगर हम राम जी की संकल्पना को देखें तो वह (हर जगह) रचे-बसे हैं। लोगों के नाम और स्थानों के नाम उनके नाम पर हैं। कुछ धर्मों में है कि कोई एक स्थान महत्वपूर्ण होता है, लेकिन हिंदू धर्म में सभी स्थान और सभी भगवान महत्वपूर्ण हैं।

## एनआईए के अधिकारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया : ममता बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बालुरघाट (पश्चिम बंगाल)/ भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर इलाके में ग्रामीणों ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों पर हमला नहीं किया, बल्कि एनआईए के अधिकारियों ने उन पर (ग्रामीणों पर) हमला किया।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की प्रतिक्रिया को आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताकर उनका बचाव किया। उन्होंने दावा किया कि जांच एजेंसी का दल ''2022 में पटाखे फोड़ने'' की एक घटना की जांच के सिलसिले में तड़के ग्रामीणों के घरों में घुस गया था। बनर्जी ने दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट में एक चुनावी रैली के दौरान कहा, हमला भूपतिनगर की महिलाओं ने नहीं किया था, बल्कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (के अधिकारियों) ने हमला किया था। उन्होंने कहा, अगर महिलाओं पर हमला होगा तो क्या महिलाएं शांत बैठी रहेंगी?वे स्वयं को बचाने का प्रयास नहीं करेंगी?''



## सेल के बोकारो संयंत्र में आग लगने के बाद 23 कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

**बोकारो (झारखंड)/भाषा।** भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) के बोकारो इस्पात संयंत्र में शनिवार सुबह आग लग गई, जिसके बाद 23 कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकरियों ने बताया कि यह कदम एहतियातन उठाया गया है क्योंकि ये कर्मचारी धुएं के संपर्क में आ गए थे।

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी सेल के एक बयान के अनुसार, यह घटना उस वक्त हुई जब मिश्रित गैस पाइपलाइन में मरम्मत का कार्य जारी था। इस पाइपलाइन के जरिये भट्ठी को गैस की आपूर्ति की जाती है। बयान में कहा गया है कि पाइपलाइन बंद थी और इसलिए इसमें गैस नहीं थी। बयान के अनुसार, मरम्मत कार्य के तहत, पाइपलाइन में एक कॉम्पेन्सेटर को भी बदला जाना था और छह अपैल को इस कार्य के दौरान पाइपलाइन के अंदर शेष बची नाप्था, सल्फर, तार आदि में आग लग गई। इससे निकला धुआं पाइपलाइन के जरिये फैल गया।

## सीएए मतुआ समुदाय की कानूनी नागरिकता सुनिश्चित करता है : केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** केंद्रीय मंत्री एवं मतुआ नेता शांतनु ठाकुर का मानना है कि नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) मतुआ समुदाय के लोगों को ''कानूनी रूप से नागरिकता'' प्रदान करके उनकी रक्षा करेगा और उन्हें ''आगामी 100 साल में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) की संभावित प्रक्रिया'' के दौरान विदेशी करार दिए जाने से बचाएगा।

ठाकुर ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन जमा करने के संबंध में मतुआ समुदाय के बीच भ्रम की स्थिति को दूर करने की कोशिश की। उन्होंने मतुआ समुदाय के पास बांग्लादेश में उनके पिछले आवासीय पते की पुष्टि करने वाले पर्याप्त दस्तावेज नहीं होने के कारण नागरिकता आवेदनों को लेकर उनके बीच भ्रम की स्थिति को स्वीकार करते हुए कहा कि इस ''मामले पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि ''बांग्लादेश में पिछले आवासीय पते को साबित करने वाला कोई दस्तावेज अनिवार्य नहीं है और सामुदायिक संगठनों के प्रमाण पत्र पर्याप्त हैं।

ठाकुर पश्चिम बंगाल की बनगांव लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू किए के बिना ममता बनर्जी सहित विपक्ष का कोई भी नेता अब से एक सदी में एनआरसी की प्रक्रिया किए जाने की स्थिति में मतुआ समुदाय की रक्षा नहीं कर पाएगा। ठाकुर ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, यह नागरिकता संशोधन अधिनियम मतुआ समुदायों को कानूनी और संवैधानिक नागरिकता प्रदान करेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि अगले 100 साल में एनआरसी प्रक्रिया होने की स्थिति में उन्हें घुसपैठियों की तरह देश से निर्वासित नहीं किया जाए। नया नागरिकता अधिनियम मतुआ समुदाय को संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करेगा। मूल रूप से पूर्वी पाकिस्तान से संबंध रखने वाले मतुआ हिंदुओं का एक कमजोर वर्ग है जो विभाजन के दौरान और बांग्लादेश के निर्माण के बाद धार्मिक उत्पीड़न के बाद भारत आ गया था। ठाकुर ने चिंता व्यक्त की कि सीएए द्वारा दी गई सुरक्षा के बिना मतुआ समुदाय के लोगों को निष्कासित किया जा सकता है और उनकी स्थिति म्यांमा के रोहिंग्या समुदाय की तरह हो सकती है जिन्हें सदियों से नागरिकता से वंचित रखा गया है। जब ठाकुर से इस बारे में सवाल किया गया कि कुछ विपक्षी दल निकट भविष्य में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की प्रक्रिया होने की संभावना जता रहे हैं तो उन्होंने कहा कि उन्हें जल्द ''ऐसा कोई कदम उठाए जाने की जानकारी नहीं है। मैं अगले 100-200 वर्ष में एनआरसी की संभावना के बारे में बात कर रहा हूं, तो हमें संवैधानिक रूप से सुरक्षित क्यों नहीं किया जाना चाहिए।

## प्रशंसकों को हार्दिक पंड्या की हूटिंग नहीं करनी चाहिए : सौरव गांगुली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की हूटिंग करने वाले प्रशंसकों की निंदा करते हुए कहा कि इसमें खिलाड़ी की कोई गलती नहीं है कि उन्हें उनके पसंदीदा रोहित शर्मा की जगह दी गई है।

जब से मुंबई इंडियंस ने घोषणा की है कि पंड्या पांच बार की चैम्पियन टीम की कप्तानी करेंगे तब से उन्हें प्रशंसकों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ रहा है। अहमदाबाद में अपनी पिछली फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर अपने पहले मैच में उनकी हूटिंग की गई। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के लिए जब वह हैदराबाद गए, तब भी यह सिलसिला जारी रहा। मुंबई इंडियंस ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सत्र का अपना पहला घरेलू मैच खेला तो भी 29 वर्षीय खिलाड़ी की हूटिंग की गई। गांगुली ने शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान कहा, मुझे नहीं लगता कि उन्हें हार्दिक पंड्या की हूटिंग करनी चाहिए। यह सही नहीं है। उन्होंने कहा, यह सही नहीं है क्योंकि फ्रेंचाइजी ने उन्हें कप्तान नियुक्त किया है। खेल में ऐसा ही होता है। आप भारत की कप्तानी करें या किसी राज्य की कप्तानी करें या आप अपनी फ्रेंचाइजी की कप्तानी करें, आपको कप्तान नियुक्त किया जाता है। दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक ने कहा, उन्हें कप्तान नियुक्त किया गया है। निश्चित रूप से रोहित शर्मा को देखें तो वह अलग तरह का खिलाड़ी है। एक कप्तान और एक खिलाड़ी के तौर पर इस फ्रेंचाइजी के लिए उनका प्रदर्शन और भारत के लिए उनका प्रदर्शन एक अलग स्तर पर रहा है। उन्होंने कहा, लेकिन यह हार्दिक की गलती नहीं है कि उन्हें कप्तान नियुक्त किया गया है। हम सभी को यह समझने की जरूरत है। मुंबई इंडियंस रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी।

## सुविचार

तूफान का भी आना जरूरी है जिंदगी में, तब जा कर पता चलता है, कौन हाथ छुड़ा कर भागता है और कौन हाथ पकड़ कर।

## ट्वीट

मुस्लिम लीग के उस समय के विचारों को कांग्रेस आज भारत पर आज थोपना चाहती है। मुस्लिम लीग की छाप वाले इस घोषणा पत्र में जो बचा-कुचा हिस्सा था, उस पर वामपंथी हावी हो गए हैं। आज कांग्रेस के पास न सिद्धांत बचे हैं और न ही नीतियां बची हैं।

-नरेन्द्र मोदी



मोदी सरकार ने गाँव और शहर की बुनियादी जीवन शैली को बराबरी से बेहतरी प्रदान की है। अब आमजन भी विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने में योगदान देना चाहते हैं। रामदेवरा से लोहावट होते हुए फलोदी विधानसभा क्षेत्र के रोहिणा गांव की सभा में यही संवाद हुआ।

-गजेन्द्र सिंह शेखावत



## कहानी



समाज में इंसानियत से वंचित कुछ तत्व बेबस औरत को अपनी हवस का निवाला बनाने से नहीं चूकते। उजाले में व्यक्ति के आदर्श चरित्र , नैतिकता और उच्च जीवन मूल्यों को ओढ़ कर घूमते ये संस्कारित तत्व अंधेरा होते ही उन्हे उतारकर फेंक देते हैं। इन असामाजिक तत्वों के लिए स्त्री शरीर मात्र इच्छाओं और भोग कामना का वाहक है। सुन्दर मजबूर औरत को कहीं आता या जाता देखकर ये तत्व लोलुप निगाहों से उसे घूरने लगते हैं और भद्दी टिप्पणियां करने लगते हैं। हमें राजेश की मृत्यु के बाद इन अनगिनत लम्पट लोगों की टपकती लार और इच्छाओं से अपनी बहू को बचाना बहुत जरूरी था।

# मजबूर

सुधीर केवलिया
फोन नं. : 09413279217



समर पूरी रात सो नहीं पाया था। वह अपने बिस्तर से जल्दी उठ गया था। उसकी आंखों से मानो नींद गायब हो गई थी। उसका हमारे सभ्य समाज में घटित एक घटना से कुछ घन्टे पहले ही सामना हुआ था। तथाकथित सभ्य समाज में गिरते नैतिक और सामाजिक मूल्यों में दम तोड़ती मानवीय संवेदनाओं के बीच एक औरत के साथ होने वाले व्यवहार और ज़िंदगी के कड़वे सच से उसका परिचय हुआ था। जिसने समाज के कई चेहरे उसके सामने लाकर खड़े कर दिए थे। इस घटना ने उसकी आत्मा तक को झकझोर दिया था। यह घटना किसी चलचित्र की तरह उसके मानस पटल पर बार – बार चल रही थी। कल दिन भर ऑफिस में उनके दिवंगत ऑफिस कर्मी राजेश की पुत्री रजनी के रात को होने वाले वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने की चर्चा चलती रही थी । सभी ऑफिस कर्मियों द्वारा मिलकर खरीदी गई रजनी के लिए गिफ्ट आइटम दोपहर बाद राजेश के घर पहुंचा दिए गए थे । राजेश का लगभग पैंतीस वर्ष की आयु में कुछ समय पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था। कुछ महीने पहले ही राजेश के पुत्र राजन को अठारह वर्ष की आयु पूरी होने के बाद पिता की जगह नौकरी दी गई थी। ऑफिस के उच्च अधिकारी समर ने सभी कर्मियों को को रात को रजनी के वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंचने के लिए कह दिया था। तयशुदा कार्यक्रम और समय के अनुसार सभी वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंच गए थे। वैवाहिक कार्यक्रम राजेश के घर के पास एक सामुदायिक भवन में रखा गया था। भवन की खुली जमीन पर विशाल शामियाना लगाया गया था। समर और ऑफिस कर्मियों के वहां पहुंचने से पहले बारात वहां आ चुकी थी। राजन का समर और अपने सभी साथियों को वहां देखकर खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शामियाने में वर पक्ष और राजन के घरवाले पूरी मस्ती में खुशियां मना रहे थे। सूट – बूट में सजे वर के दोस्त और रिश्तेदार भारतीय और पाश्चात्य संगीत पर नाच रहे थे। राजन कुछ अन्य लोगों के साथ प्रवेश द्वार पर खड़ा हुआ आने वाले हर मेहमान का हाथ जोड़कर तहेदिल से स्वागत कर रहा था। अपने पिता राजेश के नहीं रहने पर भी राजन ने अपनी जुड़वा बहिन रजनी के विवाह के कार्यक्रम की शानदार व्यवस्था करी थी। यह सभी के लिए सुखद अहसास था। वैवाहिक कार्यक्रम के सभी खर्चों का बोझ राजन के कंधों पर ही था । समर और ऑफिस कर्मियों ने उसकी यथासंभव मदद करी थी। राजन के परिवार वालों को समर नहीं जानता था। स्टेज पर बैठी हुई रजनी बहुत खुश नजर आ रही थी। सगाई के बाद से रजनी के सपनों में विचरण करने वाला उसे हमेशा के लिए अपने साथ ले जाने के लिए आ गया था। कुछ समय बाद विवाह की रस्मों के साथ पारंपरिक रीति रिवाज और अन्य रस्मों की अदायगी शुरू हो गई थी। समर शामियाने में बैठा हुआ दृश्यों को अपनी आंखों में कैद करता हुआ कार्यक्रम का आनंद ले रहा था। शुरुआत से ही समर के अधीनस्थ कर्मचारी उसकी वहां मौजूदगी से संकोच महसूस कर रहे थे। इसलिए समर उनसे वहां अलग ही रहा था।

कार्यक्रम में मौजूद तमाम महिलाओं से अलग लग रही एक बेहद खूबसूरत महिला पर समर की नजर बार – बार जाती थी । वह महिला इस बात से अनजान थी । उस महिला के चांद से भी सुन्दर बेदाग मासूमियत भरा चेहरा , गहरी काली आंखें और गौर वर्ण शरीर पर गुलाबी परिधान एक विचित्र प्रभाव पैदा कर रहे थे। उस महिला के व्यक्तित्व से वहां हर महिला को ईर्ष्या हो सकती थी। सोलह श्रृंगार किए हुए वह महिला वास्तव में देवलोक से आई कोई अप्सरा लग रही थी। समर चाहकर भी उस पर से नजर नहीं हटा पा रहा था।

समर और ऑफिस कर्मियों के भोजन करने के बाद राजन ने अपने परिवार वालों से सभी का परिचय कराया। राजन के अलावा घर में उसके बुजुर्ग दादाजी – दादीजी और मम्मी थे। राजन अपने दादाजी को समर के पास बैठाकर अपनी मम्मी को बुलाने चला गया। दादाजी समर के आने से बहुत खुश थे । रजनी के विवाह में आर्थिक सहयोग और राजन का हौसला बढ़ाने के लिए समर की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। समर ने देखा कि वही बेहद खूबसूरत महिला राजन के साथ उनकी ओर आ रही थी। राजन ने जब उस महिला का परिचय कराया तो समर आश्चर्यचकित रह गया। समर के पैरों के नीचे से मानो जमीन खिसकने लगी। उसके दिमाग में कई तरह की आशंकाओं के बादल छाने लगे क्योंकि वह महिला कोई और नहीं बल्कि दिवंगत राजेश की पत्नी और राजन की मम्मी थी। समर समझ नहीं पा रहा था कि अपने पति राजेश की मृत्यु के बाद भी वह महिला एक सुहागिन के रूप में कैसे रह रही थी। उसके मन में नकारात्मक सवाल जन्म लेने लगे थे। कहीं राजेश की पत्नी ने दूसरा विवाह तो नहीं कर लिया ? यदि ऐसा था तो राजन अपने पिता की जगह नौकरी कैसे लग गया ? क्या उसके ऑफिस में किसी भी कर्मचारी को इस बारे में कुछ पता नहीं था ? अपने दिमाग में इस तरह के अनसुलझे सवालों के मकड़जाल में फंसने के कारण वह कुछ सोच और समझ नहीं पा रहा था। राजन का अपने परिवार वालों के साथ फोटो खिंचवाने का आग्रह को सुनकर वह इस मकड़जाल से बाहर निकला। दादाजी समर के चेहरे पर चढ़ते – ,उतरते भावों को पढ़ रहे थे। फोटो सेशन के बाद जब समर अपने घर जाने लगा तो दादाजी ने उसे अपने पास रुकने के लिए कहा।

थोड़ी देर बाद लंबी और गहरी सांस लेकर दादाजी कहने लगे बेटा समर , शायद तुम राजेश की पत्नी नेहा को इस रुप में देखकर चकित हो। सम्भव है कि तुम्हारे दिमाग में तरह – तरह के सवाल उठ रहे होंगे। परन्तु हकीकत यह है कि नेहा विधवा होते हुए भी मजबूरी में एक सुहागिन के रुप में रहना पड़ रहा है। राजेश की मृत्यु का मंजर आज भी हमारी आंखों में कैद है। किसी तरह हमने अपने जज्बात को दफ़न कर रखा है। एक औरत की जवानी में उसके पति की मृत्यु और दो छोटे बच्चों की जिम्मेदारी के साथ जीवन गुजारना शब्दों में बयान करने से परे है। हमारे रुढ़िवादी तथाकथित सभ्य समाज में औरत को ज़िंदगी बिताने के लिए पति के साथ की जरुरत होती है। औरत की अस्मिता पर सरे आम हमले हो रहे हैं। आज बढ़ती हुई विसंगतियों से कलुषित हुए समाज में सामाजिक सरोकार और मानवीय मूल्य धुंधलाते जा रहे हैं।

समाज में इंसानियत से वंचित कुछ तत्व बेबस औरत को अपनी हवस का निवाला बनाने से नहीं चूकते। उजाले में व्यक्ति के आदर्श चरित्र , नैतिकता और उच्च जीवन मूल्यों को ओढ़ कर घूमते ये संस्कारित तत्व अंधेरा होते ही उन्हे उतारकर फेंक देते हैं। इन असामाजिक तत्वों के लिए स्त्री शरीर मात्र इच्छाओं और भोग कामना का वाहक है। सुन्दर मजबूर औरत को कहीं आता या जाता देखकर ये तत्व लोलुप निगाहों से उसे घूरने लगते हैं और भद्दी टिप्पणियां करने लगते हैं। हमें राजेश की मृत्यु के बाद इन अनगिनत लम्पट लोगों की टपकती लार और इच्छाओं से अपनी बहू को बचाना बहुत जरुरी था। गुजरते समय के समाज के कई मानदंड और मूल्य नहीं बदले हैं। समाज में मौजूद कुछ तत्वों की बड़ी सड़ी गली सोच है। वो जवान विधवा को घृणा और वासना की नजर से देखा जाता है। इसी सोच के कारण ही पति की मृत्यु के बाद सामाजिक स्तर पर औरतों की हैसियत दोयम दर्जे की हो जाती है। यह वातावरण उस औरत के लिए पीड़ा और घुटन से ज्यादा भयावह होता है। कई बार दूसरों की टिप्पणियों से औरत का आत्मविश्वास डगमगाने लगता है और मन विषय विकारों में फंसकर भटकने लगता है। परन्तु अच्छी या बुरी दोनों परिस्थितियों में ज़िंदगी जीने के ढंग का निर्णय औरत को बहुत सोच समझकर लेना होता है। राजेश की मृत्यु नेहा के जीवन को वीरान कर गई थी। नेहा के सारे सपने टूटकर बिखर गए थे। उसकी ज़िंदगी की हरी भरी भूमि अचानक रेगिस्तान में बदल गई थी। बहू की ज़िंदगी वृक्ष के हरे पत्ते की तरह है। जो शाख से टूटने के बाद कभी हरा नहीं होता। आज बहू राजेश की याद और उसे खोने के अहसास के सहारे ही जीवित है।

हम अपनी बहू का जीवन बोझिल और उदास नहीं होने देना चाहते थे। इसलिए नेहा की सहमति से हमने उसे विधवा की बजाय सुहागिन के रुप में ज़िंदगी गुजारने के लिए हामी भर दी। सब सच जानने के बाद वह मजबूर थी। राजेश की मृत्यु के निर्मम यथार्थ का स्मरण करते रहने से तो नेहा का जीना ही कठिन हो जाता। हमारे लिए तो बेटा भी वही है और बहू भी वही है। हमारे सभ्य समाज के कई लोगों ने नेहा के इस तरह रहने पर विरोध जताया था। क्योंकि वो लोग बदलते समय के साथ अपनी पारम्परिक सोच और नजरिया नहीं बदल सके थे। यह कहते – कहते दादाजी की आंखें आंसुओं से भर आई थीं। समर दादाजी के चेहरे पर उभरते मिटते पीड़ा और चिंता के भावों को पढ़ पा रहा था। विवाह के शामियाने में झिलमिलाती रोशनियों और संगीत के तेज शोर के बीच उदासी में डूबे दादाजी के दिल की आवाज उसे सुनाई वह सुन सकता था। समर के दिमाग से आशंका के बादल छंट गए थे। दिवंगत राजेश की यादों के सहारे उसकी पत्नी अपने बच्चों की परवरिश और सास – ससुर की देखभाल करते हुए अपनी ज़िंदगी गुजार रही थी। हालातों ने उसे तन्हाई का जहर पीने को मजबूर कर दिया था। तन्हाई की तनी रस्सी पर संतुलन के साथ चलते हुए नेहा की नम आंखों में गहरी खामोशी उसकी कहानी को बयां कर रही थी। अचानक समर सुबह की अलार्म की आवाज से वर्तमान में लौटा। उसने अपने कमरे की खिड़की खोलकर बाहर देखा। दिन निकल चुका था। समर जानता था कि सभ्य समाज में इन परिस्थितियों में महिला के प्रति अन्याय और विषमता की बजाय महिला की गरिमा और आत्मविश्वास बहाल करना जरुरी था। खिड़की से बाहर शून्य में ताकते हुए वह बोला इसके लिए हम सब जिम्मेवार हैं ... और ऑफिस जाने के लिए तैयारी में लग गया।

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# परिवर्तन का संवत्सर

नूतन और पुरातन का अद्भुत संगम है प्रकृति। वह अगाध सम्मान देती है परिपक्वता को तो असीम प्रसन्नता से नवागत को आमंत्रित भी करती है। जो कुछ नया है स्वागत योग्य है। ओस की नयी बूँद हो, बच्चे का जन्म हो या हो नववर्ष, हर तरफ होता है उल्लास, हर तरफ होता है हर्ष।

भारतीय संदर्भ में चर्चा करें तो हिन्दू नववर्ष देश के अलग-अलग राज्यों में स्थानीय संस्कृति एवं लोकचार के अनुसार मनाया जाता है। महाराष्ट्र तथा अनेक राज्यों में यह पर्व गुढी पाडवा के नाम से प्रचलित है। पाडवा याने प्रतिपदा और गुढी अर्थात ध्वज या ध्वजा। मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। सतयुग का आरंभ भी यही दिन माना गया है।

स्वाभाविक है कि संवत्सर आरंभ करने के लिए इसी दिन को महत्व मिला। गुढीपाडवा के दिन महाराष्ट्र में ब्रह्मध्वज या गुढी सजाने की प्रथा है। लंबे बांस के एक छोर पर हरा या पीला ज़रीदार वस्त्र बांधा जाता है। इस पर नीम की पत्तियाँ, आम की डाली, चाशनी से बनी आकृतियाँ और लाल पुष्प बांधे जाते हैं। इस पर तांबे या चांदी का कलश रखा जाता है। सूर्योदय की बेला में इस ब्रह्मध्वज को घर के आगे विधिवत पूजन कर स्थापित किया जाता है।

माना जाता है कि इस शुभ दिन वातावरण में विद्यमान प्रजापति तरंगें गुढी के माध्यम से घर में प्रवेश करती हैं। ये तरंगें घर के वातावरण को पवित्र एवं सकारात्मक बनाती हैं। आधुनिक समय में अलग-अलग सिग्नल प्राप्त करने के लिए एंटीना का इस्तेमाल करने वाला समाज इस संकल्पना को बेहतर समझ सकता है। सकारात्मक व नकारात्मक ऊर्जा तरंगों की सिद्ध वैज्ञानिकता इस परंपरा को सहज तार्किक स्वीकृति देती है। प्रार्थना की जाती है, हे सृष्टि के रचयिता, हे सृष्टा आपको नमन। आपकी ध्वजा के माध्यम से वातावरण में प्रवाहित होती सृजनात्मक, सकारात्मक एवं सात्विक तरंगें हम सब तक पहुँचें। इनका शुभ परिणाम पूरी मानवता पर दिखे। सूर्योदय के समय प्रतिष्ठित की गई ध्वजा सूर्यास्त होते- होते उतार ली जाती है।

प्राकृतिक कालगणना के अनुसार चलने के कारण ही भारतीय संस्कृति कालजयी हुई। इसी अमरता ने इसे सनातन संस्कृति का नाम दिया। ब्रह्मध्वज सजाने की प्रथा का भी सीधा संबंध प्रकृति से ही आता है। बांस में काँटे होते हैं, अतः इसे मेरुदंड या रीढ़ की हड्डी के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया गया है। ज़री के हरे-पीले वस्त्र याने साड़ी-चोली, नीम व आम की माला, चाशनी के पदार्थों के गहने, कलश याने मस्तक। निराकार अनंत प्रकृति का साकार स्वरूप में पूजन है गुढी पाडवा।

कर्नाटक एवं आंध्र प्रदेश में भी नववर्ष चैत्र प्रतिपदा को ही मनाया जाता है। इसे 'उगादि' कहा जाता है। केरल में नववर्ष 'विशु उत्सव' के रूप में मनाया जाता है। असम में भारतीय नववर्ष 'बिहाग बिहू' के रूप में मनाया जाता है। बंगाल में भारतीय नववर्ष वैशाख की प्रतिपदा को मनाया जाता है। इससे 'पोहिला बैसाख' यानी प्रथम वैशाख के नाम से जाना जाता है।

तमिलनाडु का 'पुथांडू' हो या नानकशाही पंचांग का 'होला-मोहल्ला' परोक्ष में भारतीय नववर्ष के उत्सव के समान ही मनाये जाते हैं। पंजाब की बैसाखी यानी नववर्ष के उत्साह का सोंधी माटी या खेतों में लहलहाती हरी फसल-सा अपार आनंद। सिंधी समाज में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को 'चेटीचंड' के रूप में मनाने की प्रथा है। कश्मीर में भारतीय नववर्ष 'नवरेह' के रूप में मनाया जाता है। सिक्किम में भारतीय नववर्ष तिब्बती पंचांग के दसवें महीने के 18वें दिन मनाने की परंपरा है।

सृष्टि साक्षी है कि जब कभी, जो कुछ नया आया, पहले से अधिक विकसित एवं कालानुरूप आया। हम बनाये रखें परंपरा नवागत की, नववर्ष की, उत्सव के हर्ष की। साथ ही संकल्प लें अपने को बदलने का, खुद में बेहतर बदलाव का। इन पंक्तियों के लेखक की कविता है-

न राग बदला, न लोभ, न मत्सर,
बदला तो बदला केवल संवत्सर।

परिवर्तन का संवत्सर केवल काग़ज़ों तक सीमित न रहे। हम जीवन में केवल वर्ष ना जोड़ते रहें बल्कि वर्षों में जीवन फूँकना सीखें। मानव मात्र के प्रति प्रेम अभिव्यक्त हो, मानव स्वगत से समष्टिगत हो।

दो दिन बाद गुढी पाडवा है। सभी पाठकों को शुभ गुढी पाडवा।

## वीर गाथा

# सिपाही सुधाकर घुले: अंधेरे में लिया बड़ा जोखिम, एक आतंकवादी को ढेर किया, एक को ज़िंदा दबोचा

सिपाही सुधाकर घुले का जन्म 2 मई, 1965 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के शेरोई गांव में हुआ था। पूर्व सैनिक गजानन के बेटे सुधाकर अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद दिसंबर 1983 में भारतीय सेना में भर्ती हो गए थे। उन्हें मराठा लाइट इन्फेंट्री में शामिल किया गया था।

साल 1991 में सिपाही सुधाकर अपनी यूनिट के साथ ऑपरेशन रक्षक के तहत जम्मू-कश्मीर में तैनात थे। तीस मार्च को सेना को अपने खुफिया सूत्रों से सूचना मिली कि सुनूर कालीपुर और राजवंशेर गांव के इलाकों में कुछ आतंकवादी छुपे हुए हैं।

सूचना का विश्लेषण करने के बाद आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन की योजना बनाई गई। सिपाही सुधाकर घुले को उस टीम में शामिल किया गया, जिसे सुनूर कालीपुर जाकर आतंकवादियों की घेराबंदी करने का जिम्मा सौंपा गया था।

सुधाकर को ऐसी जगह तैनात किया गया, जिसका इस्तेमाल आतंकवादी भागने के लिए कर सकते थे। 31 मार्च को देर रात आतंकवादियों का एक समूह उस ओर चला आ रहा था। सुधाकर ने तुरंत पता लगा लिया कि ये 'वही' हैं, जिनके बारे में खुफिया सूचना मिली थी। उन्होंने आतंकवादियों की ओर गोलीबारी की। इससे आतंकवादी बुरी तरह घबरा गए। वे सुधाकर को निशाना बनाते हुए गोलीबारी करने लगे। इससे सुधाकर गंभीर रूप से घायल हो गए, लेकिन उन्होंने इसके बावजूद एक आतंकवादी को मार गिराया। अब तो आतंकवादियों में भगदड़ मच गई। चूंकि रात के कारण गहरा अंधेरा था, लेकिन सुधाकर और उनके साथी जवान ने बड़ा जोखिम लेते हुए आतंकवादियों के झुंड पर छलांग लगा दी। उन्होंने एक आतंकवादी को दबोच लिया। इस तरह देश के दुश्मनों की एक साजिश विफल कर दी गई। आतंकवादियों से मुकाबले में सुधाकर लहूलुहान हो चुके थे। उन्होंने अपने साथियों को अलविदा कहा और भारत मां के लिए बलिदान हो गए। उन्हें 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया।



## बोध कथा

# खजाने की खोज

बाक गांव में एक रामलाल नाम का एक किसान अपनी पत्नी और चार लड़को के साथ रहता था। रामलाल खेतों में मेहनत करके अपने परिवार का पेट पालता था। लेकिन उसके चारो लड़के आलसी थे। जो गांव में वैसे ही इधर उधर घूमते रहते थे। एक दिन रामलाल ने अपनी पत्नी से कहा की अभी तो मै खेतों में काम कर रहा हूँ। लेकिन मेरे बाद इन लड़को का क्या होगा। इन्होने तो कभी मेहनत भी नहीं करी। ये तो कभी खेत में भी नहीं गए। रामलाल की पत्नी ने कहा की धीरे धीरे ये भी काम करने लगेंगे। समय बीतता गया और रामलाल के लड़के कोई काम नहीं करते थे। एक बार रामलाल बहुत बीमार पड़ गया। वह काफी दिनों तक बीमार ही रहा।

उसने अपनी पत्नी को कहा की वह चारों लड़को को बुला कर लाये। उसकी पत्नी चारों लड़को को बुलाकर लायी। रामलाल ने कहा लगता है की अब मै ज्यादा दिनों तक जिन्दा नहीं रहूँगा। रामलाल को चिंता थी की उसके जाने के बाद उसके बेटों का क्या होगा।

इसलिए उसने कहा बेटों मैने अपने जीवन में जो भी कुछ कमाया है वह खजाना अपने खेतों के निचे दबा रखा है। मेरे बाद तुम उसमे से खजाना निकालकर आपस में बाँट लेना। यह बात सुनकर चारों लड़के खुश हो गए। कुछ समय बाद रामलाल की मृत्यु हो गयी। रामलाल की मृत्यु के कुछ दिनों बाद उसके लड़के खेत में दबा खजाना निकालने गए। उन्होंने सुबह से लेकर शाम तक सारा खेत खोद दिया। लेकिन उनको कोई भी खजाना नज़र नहीं आया। लड़के घर आकर अपनी माँ से बोले माँ पिताजी ने हमसे झूठ बोला था। उस खेत में हमें कोई खजाना नहीं मिला। उसकी माँ ने बताया की तुम्हारे पिताजी ने जीवन में यही घर और खेत ही कमाया है। लेकिन अब तुमने खेत खोद ही दिया है तो उसमे बीज बो दो। इसके बाद लड़को ने बीज बोये और माँ के कहेनुसार उसमे पानी देते गए। कुछ समय बाद फसल पक कर तैयार हो गयी। जिसको बेचकर लड़कों को अच्छा मुनाफा हुआ। जिसे लेकर वह अपनी माँ के पास पहुंचे। माँ ने कहा की तुम्हारी मेहनत ही असली खजाना है यही तुम्हारे पिताजी तुमको समझाना चाहते थे।




महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# चीनी नागरिकों पर हमला: चार वरिष्ठ पाकिस्तानी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लाहौर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक हालिया आत्मघाती हमले की जांच कर रही समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद, चार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की लापरवाही को लेकर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पिछले हफ्ते एक आत्मघाती हमलावर ने अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बेशम इलाके में चीनी इंजीनियर के वाहन को निशाना बनाया था। उन्हें एक बस के जरिये इसी प्रांत के कोहिस्तान प्रांत में दासु जलविद्युत संयंत्र के निर्माण स्थल ले जाया जा रहा था।

हमले में पांच चीनी नागरिक और उनका पाकिस्तान चालक मारा गया था। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने खैबर पख्तूनख्वा के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई, 26 मार्च को हुए हमले की जांच के लिए गठित समिति द्वारा रिपोर्ट सौंपे जाने और इसमें सुरक्षा प्रोटोकॉल में चूक का जिक्र किये जाने के बाद की गई।

जियो न्यूज ने तरार को उद्धृत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने हजारा डिवीजन के क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी, ऊपरी कोहिस्तान और निचले कोहिस्तान के जिला पुलिस अधिकारी, दासू जलविद्युत परियोजना के सुरक्षा निदेशक और खैबर पख्तूनख्वा की विशेष सुरक्षा इकाई के कमांडेंट के खिलाफ 15 दिनों के अंदर कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री शहबाज खुद चीनी परियोजनाओं और चीन के इंजीनियर की सुरक्षा की निगरानी कर रहे हैं।

## पूर्व पुलिस आयुक्त नीरज कुमार

# तिहाड़ जेल में वीवीआईपी कैदियों को 'बड़ी सावधानी' से रखना पड़ता है



**जब किसी वीआईपी को जेल में रखा जाता है तो उन्हें रखने में काफी सतर्कता बरती जाती है। केजरीवाल जेल के अंदर हैं। उन्हें किसी बैरक या किसी सेल में नहीं रखा जाएगा और सुरक्षा पहलू को ध्यान में रखते हुए बहुत सावधानी से चुनी गई जगह पर उन्हें रखा जायेगा।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस के पूर्व आयुक्त नीरज कुमार ने कहा है कि तिहाड़ में वीवीआईपी कैदियों को 'काफी सावधानी' से रखना पड़ता है क्योंकि उन पर हमला होने या उन्हें खतरा होने की आशंका हमेशा बनी रहती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनके पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसोदिया समेत कई वीवीआईपी लोग तिहाड़ जेल में बंद हैं। कुमार महानिदेशक (जेल) के रूप में भी कार्यरत रहे हैं। यहां समाचार एजेंसी के मुख्यालय में 'पीटीआई' संपादकों के साथ बातचीत में कुमार ने कहा कि उन्हें तिहाड़ जेल में अपने कार्यकाल के दौरान अधिकतम संख्या में वीवीआईपी का ध्यान रखने का मौका मिला था।

उन्होंने कहा, मुझे अधिकतम संख्या में वीवीआईपी का ध्यान रखने का मौका मिला था। यह वह समय था जब राष्ट्रमंडल खेल घोटाला हुआ था। सुरेश कलमाड़ी, कनिमोइ, ए राजा (2जी स्पेक्ट्रम घोटाला) से लेकर, रिलायंस के लोग, सीडब्ल्यूजी, अमर सिंह, आईएएस अधिकारी, आईपीएस अधिकारी वहां थे। एक वीवीआईपी कैदी की दिनचर्या के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें किसी अन्य विचाराधीन कैदी की तरह ही दिनचर्या का पालन करना होता है। उन्होंने कहा, जब किसी वीआईपी को जेल में रखा जाता है तो उन्हें रखने में काफी सतर्कता बरती जाती है। केजरीवाल जेल के अंदर हैं। उन्हें किसी बैरक या किसी सेल में नहीं रखा जाएगा और सुरक्षा पहलू को ध्यान में रखते हुए बहुत सावधानी से चुनी गई जगह पर उन्हें रखा जायेगा।

कुमार ने कहा, क्योंकि ब्लेडबाजी जैसी कई चीजें हो सकती हैं। अगर आप सावधानी नहीं रखेंगे तो उन पर हमला हो सकता है। लोग न सिर्फ उन पर हमला कर सकते हैं, बल्कि उन्हें धमकी भी दे सकते हैं या पैसे भी वसूल सकते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें खबरों से पता चला है कि केजरीवाल को दोषियों के लिए बनाई गई जेल में रखा गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें विचाराधीन कैदियों की तुलना में कहीं अधिक सुरक्षित और शांत स्थान पर रखा गया है। कुमार अपने कार्यकाल के दौरान, सबसे प्रतिष्ठित पुलिस अधिकारियों में से एक रहे थे। दिल्ली में सेवा के दबाव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस भाग्यशाली है क्योंकि उस पर स्थानीय राजनीतिज्ञों का कोई दबाव नहीं होता है। उन्होंने कहा, उस हद तक, हम स्वतंत्र हैं (क्योंकि दिल्ली पुलिस केंद्र के अधीन आती है)। दिल्ली पुलिस पर दबाव हालांकि किसी भी अन्य राज्य से अधिक है। क्योंकि देश के किसी भी हिस्से में कोई भी समस्या होती है तो लोग दिल्ली आते हैं- उदाहरण के लिए किसान आंदोलन। कुमार ने कहा कि कानून और व्यवस्था के नजरिए से नई दिल्ली जिले में चुनौती सबसे अधिक है जबकि बाहरी जिलों में कम चुनौती है। उन्होंने कहा, लेकिन बाहरी इलाकों में आपराधिक घटनाओं का दबाव है, खासकर सड़कों पर होने वाले अपराध।

## जश्न



पटना में शनिवार को पटना वीमेंस कॉलेज के दूसरे वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान जश्न मनाते छात्र।

# पाकिस्तान ने राजनाथ सिंह के बयान की निंदा की, अपनी संप्रभुत्ता की रक्षा का संकल्प जताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आतंकवादियों को पाकिस्तान में घुसकर मारने की टिप्पणी के एक दिन बाद शनिवार को पड़ोसी मुल्क ने कहा कि वह अपनी संप्रभुत्ता की रक्षा करने के इरादे और क्षमता को लेकर दृढ़ है। यहां विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा क्षेत्र में शांति के लिए अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी है, लेकिन शांति की उसकी इच्छा का गलत मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए। विदेश कार्यालय ने चुनाव में फायदे के लिए घृणास्पद भाषण देने के लिए भारत की सत्तारूढ़ सरकार की आलोचना करते हुए एक बयान में कहा, इतिहास पाकिस्तान के दृढ़ संकल्प और अपनी रक्षा करने की क्षमता का गवाह है। विदेश कार्यालय का बयान राजनाथ सिंह की शुक्रवार की उस टिप्पणी के जवाब में आया है कि अगर आतंकवादी भारत में शांति भंग करने की कोशिश करते हैं या आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देते हैं तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और अगर वे पाकिस्तान भाग जाते हैं तो भारत पड़ोसी देश में घुसकर उन्हें मारेगा।

राजनाथ सिंह ब्रिटिश अखबार 'द गार्जियन' में प्रकाशित एक खबर को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें दावा किया गया है कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 2019 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा दृष्टिकोण के तहत पाकिस्तान में आतंकवादियों की हत्या कराई है। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान आक्रमण के किसी कृत्य के खिलाफ अपनी संप्रभुत्ता की रक्षा करने के इरादे और क्षमता को लेकर दृढ़ है तथा उसने श्रेष्ठ सेना होने के भारत के दावे को खारिज कर दिया। बयान में कहा गया है, पाकिस्तान के अंदर मनमाने ढंग से 'आतंकवादी' करार दिए गए और नागरिकों की हत्या करने की तैयारी के बारे में भारत का दावा स्पष्ट रूप से दोषी होने की स्वीकारोक्ति है।



प्रस्तुत

# सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है मैथिली फिल्म 'मिलन'

दरभंगा/एजेन्सी

मैथिली भाषा में बनी फिल्म मिलन सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। मैथिली फिल्म मिलन 12 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज की गयी।अब तक के इतिहास में किसी भी मैथिली फिल्म को एक साथ इतने थियेटर मिलना अपने आप में रिकार्ड है। आर एस जे प्रोडक्शन की फिल्म मिलन का निर्देशन शशि पाठक ने किया है। वही निर्माता श्याम सुंदर झा एवं रामसुंदर झा है। सह निर्माता मनोरमा रामसुंदर झा है। मैथिली फिल्म मिलन के संगीतकार अमन श्लोक हैं, जबकि फिल्म का छायांकन राजेश मिश्रा ने किया है। फिल्म के संजीव पूनम मिश्रा ने मुख्य भूमिका निभायी है। संजीव ने बताया कि लोक उत्सव के दौरान होने वाले नुक्कड़-नाटक देख कर ही उन्हें अभिनय का शौक जगा।बिहार आर्ट थियेटर से डिप्लोमा करने के बाद उन्होंने इप्टा से अभिनय के गुर सीखे।




# फिल्म 'किल' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

लक्ष्य लालवानी और तान्या मानिकतला स्टारर फिल्म किल का टीजर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म किल की कहानी एक ट्रेन जर्नी के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आ रही है। निखिल नागेश भट्ट के निर्देशन में बनी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'किल' का टीजर जारी कर दिया है। इस फिल्म में लक्ष्य लालवानी, तान्या मानिकतला और राघव जुयाल जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म किल का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म किल के टीजर की शुरूआत एक ट्रेन वाले सीन से होती हुई दिखाई देती है। इसमें देखने को मिलता है कि कैसे हर कोई यात्री अपनी जर्नी के दौरान खुश है, लेकिन अचानक ही उनकी खुशियां खून-खराबे में बदल जाती हैं।फिल्म किल 05 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# इटली में चल रही है 'कल्कि 2898 एडी' की शूटिंग

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपनी अपकमिंग साइंस फिक्शन 'कल्कि 2898 एडी' की इटली में चल रही शूटिंग से कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसमें उनके को-स्टार प्रभास को भी देखा जा सकता है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित यह फिल्म वैजयंती मूवीज के तहत सी असवानी दत्त द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 2898 ई. में सर्वनाश के बाद की दुनिया पर आधारित है। इसमें अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दीपिका पादुकोण के साथ प्रभास मुख्य भूमिका में हैं। इंस्टाग्राम पर दिशा के 61.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उन्होंने इटली में फिल्म के शूट शेड्यूल से कई तस्वीरें और वीडियो शेयर की। पहले वीडियो में दिशा को गहरे बैंगनी रंग के कंबल में लिपटे हुए दिखाया गया है, जिसमें वह समुद्र के किनारे ठंडी हवा का लुत्फ उठा रही हैं। दूसरी तस्वीर निर्देशक नाग अश्विन और प्रभास के साथ है।

कार में मेकअप करवाती दिशा की एक तस्वीर है। प्रभास के साथ एक सेल्फी बहुत दिल को छू लेने वाली है। इसमें दिशा को काले रंग की हुडी में दिखाया गया है, जबकि प्रभास ने ग्रे हुडी और सिर पर काले रंग का बंदाना पहना हुआ है। दिशा ने पहाड़ी परिदृश्य की कुछ सुरम्य झलकियां भी शेयर कीं। दिशा को पिछली बार सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना अभिनीत 'योद्धा' में देखा गया था। उनके पास 'कांगुवा' और 'वेलकम टू द जंगल' भी हैं।



# फिल्म 'दो और दो प्यार' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

अपनी आखिरी प्रदर्शित फिल्म नीयत में अपनी भूमिका से दर्शकों को प्रभावित करने वाली विद्या बालन इन दिनों अपनी अगली प्रदर्शित होने वाली फिल्म दो और दो प्यार को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वे प्रतीक गांधी के साथ दिखाई देंगी, जो हाल ही में प्रदर्शित हुई मडगाँव एक्सप्रेस में नजर आए थे।

रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दो और दो प्यार' का ट्रेलर जारी हो चुका है। विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति अभिनीत फिल्म रोमांस की नई परिभाषा सिखाएगी। फिल्म का ट्रेलर कॉमेडी, इमोशन और रोमांटिक ट्विस्ट के साथ काफी दिलचस्प लग रहा है। ट्रेलर में दर्शक दो विवाहित जोड़ों की झलक देखते हैं, जो अपने रिश्तों में फिर से चिंगारी जगाने की कोशिश कर रहे हैं। वे शादी की खुशी को फिर से ताजा करने के लिए मूवी डेट पर जाते हैं और अच्छी यात्राएं करते हैं।

हाल ही में 'दो और दो प्यार' के निर्माताओं ने फिल्म का गाना 'तू है कहां' जारी किया था, जो पहले से ही इंटरनेट पर वायरल हो रहा है और इसमें विद्या बालन और प्रतीक गांधी हैं। ऊटी की सुरम्य पृष्ठभूमि पर आधारित संगीत वीडियो तब सामने आता है, जब विद्या और प्रतीक के फिल्म में निभाए गए किरदार एक स्थानीय टैक्सी में एक साथ यात्रा पर निकलते हैं।

ट्रेलर वीडियो साझा करते हुए विद्या ने कैप्शन में लिखा, 'तैयार हो जाइए, क्योंकि यह 'दो और दो प्यार' के साथ मनोरंजन और रोमांस को दोगुना करने का समय है। वहीं फिल्म की बात करें तो शीर्षा गुहा ठाकुरता के जरिए निर्देशित 'दो और दो प्यार' शादीशुदा जोड़ों पर केंद्रित एक रोमांटिक कॉमेडी है। फिल्म में विद्या बालन और प्रतीक गांधी के अलावा इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति भी हैं। समीर नायर, दीपक सहगल, तनुज गर्ग, अतुल कस्बेकर और स्वाति अय्यर चावला द्वारा निर्मित यह फिल्म 19 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सितारों की आने वाली फिल्मों के बारे में बात करें तो विद्या बालन को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर फिल्म 'नियत' में देखा गया था।

वहीं अब वे कार्तिक आर्यन के साथ 'भूल भुलैया 3' में नजर आने वाली हैं। दूसरी ओर इलियाना डिक्रूज आखिरी बार 'तेरा क्या होगा लवली' में सह-कलाकार रणदीप हुडा के साथ दिखाई दी थीं। वहीं प्रतीक गांधी हाल ही में कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' में नजर आए थे।

# भोजपुरी सिनेमा को सत्यजीत रे और प्रकाश झा जैसे फिल्म निर्माताओं की जरूरत: मनोज तिवारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। अभिनेता से राजनेता बने सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि बदलते दौर में आगे बढ़ने के लिए भोजपुरी सिनेमा को सत्यजीत रे और प्रकाश झा जैसे संवेदनशील फिल्म निर्माताओं की जरूरत है। पूर्व भोजपुरी स्टार एवं गायक तिवारी ने 'पीटीआई-भाषा' मुख्यालय में एजेंसी के संपादकों के साथ बातचीत में कहा कि भारी लोकप्रियता के बावजूद भोजपुरी सिनेमा अब भी राष्ट्रीय स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। तिवारी ने कहा, हमें भोजपुरी सिनेमा को आगे ले जाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है और इसके लिए हमें प्रकाश झा, सत्यजीत रे साहब जैसे निर्देशकों की भी जरूरत है। हमारे पास बहुत दर्शक हैं, लेकिन हम अब भी उस स्तर तक नहीं पहुंच पाए हैं।

तिवारी ने 'ससुरा बड़ा पैसावाला', 'दारोगा बाबू आई लव यू' और 'बंधन टूटे ना' सहित 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। महान फिल्म निर्देशक रे ने 'पाथेर पांचाली', 'अपराजितो', 'अपुर संसार' और 'चारुलता' जैसी बेहतरीन फिल्मों के साथ बंगाली संस्कृति और लोकाचार को वैश्विक मानचित्र पर रखा, जबकि झा ने 'गंगाजल', 'अपहरण' और 'राजनीति' जैसी फिल्मों के माध्यम से बिहार के सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों को उठाने की कोशिश की है। तिवारी के अनुसार, जिस दिन भोजपुरी क्षेत्र के फिल्म निर्माता बड़े पर्दे के लिए 'मिर्जापुर' और 'महारानी' जैसी कहानियों को पेश करना शुरू कर देंगे, यह दक्षिण के सिनेमा के साथ प्रतिस्पर्धा करने



की स्थिति में होगा, जो इस समय अपने चरमत्कोर्ष पर है। समय आएगा (भोजपुरी सिनेमा का)। 'मिर्जापुर' या 'महारानी' जैसी वेब सीरीज, ये कहानियां हमारे क्षेत्र की हैं, भोजपुरी सिनेमा की हैं। सिनेमा उस तरह की सामग्री नहीं उठा रहा है, लेकिन जिस दिन फिल्में ऐसी कहानियों का समर्थन करना शुरू कर देंगी, हम (भोजपुरी सिनेमा) दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग के साथ प्रतिस्पर्धा करना शुरू कर देंगे।

उन्होंने कहा कि भोजपुरी फिल्म उद्योग सालाना लगभग 60-70 फिल्मों का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि रंगमंच उद्योग आज अच्छी स्थिति में नहीं है। उन्होंने कहा, जब मैं फिल्में कर रहा था, तो कई बार ऐसा होता था जब 1.5 करोड़ रुपये के बजट वाली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगभग 30-35 करोड़ रुपये कमाती थी। मेरी पहली फिल्म 'ससुरा बड़ा पैसावाला' ने 56 करोड़ रुपये कमाए। आज लोग सिनेमाघरों में फिल्म देखने नहीं आ रहे हैं। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि मालिकों की भी सिनेमा के बिजनेस में रुचि नहीं है। लेकिन भोजपुरी सिनेमा दुनिया भर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

लोकसभा के लिए तीसरी बार उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे तिवारी ने कहा, मैंने बतौर हीरो 100 फिल्में की हैं, लेकिन मेरी किसी भी फिल्म का बजट डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं है। मेरी तीन फिल्मों ने औसतन 56 करोड़ रुपये की कमाई है और तीनों फिल्मों का औसत मुनाफा तीन करोड़ रुपये रहा। मेरा कोई भी फिल्म निर्माता बदहाल होकर सड़क पर नहीं आया। वास्तविकता यह है कि वे महलों में रहने लगे। 'रिंकिया के पापा' और 'जिअ तू बिहार के लाला' सहित 200 से अधिक भोजपुरी गीत गाने वाले तिवारी ने कहा कि ऋतेश पांडे जैसे भोजपुरी गायकों के गानों को ऑनलाइन सुनने वाले हजारों-लाखों में हैं। उन्होंने कहा कि पवन सिंह भी देश में सबसे ज्यादा सुने जाने वाले गायकों के लिहाज से शीर्ष सात-आठ में बने हुए हैं।

# 'संतोषी मां' के किरदार में नज़र आएंगी स्मृति सिन्हा

मुंबई/एजेन्सी



रेणु विजय फिल्म एंटरटेनमेंट और प्राइड ऑफ एशिया फिल्म्स के बैनर से बनी भोजपुरी फिल्म 'जय संतोषी मां'में स्मृति सिन्हा संतोषी मां के किरदार में नज़र आयेंगी। निर्माता निशांत उज्ज्वल ने बताया कि जय संताषी मां बनकर तैयार है।स्मृति सिन्हा संतोषी मां की भूमिका में नज़र आयेंगी। उन्होंने बताया कि यह फिल्म भी जल्द ही रिलीज होने वाली है। स्मृति सिन्हा ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव की बात है। जीवन में कभी सोचा नहीं था कि मुझे इस तरह का किरदार ऑफर होगा, लेकिन जब मुझे यह ऑफर मिला तो मैं बेहद खुश हुई।फिल्म अब पूरी हो चुकी है।दर्शक मुझे संतोषी मां के किरदार में देख पाएंगे। मैं भोजपुरी के दर्शकों के रिएक्शन के लिए उत्साहित हूं, फिल्म बेहतरीन बनी है और इसे सब लोगों को देखना चाहिए। भोजपुरी फिल्म जय संतोषी मां में स्मृति सिन्हा के अलावा रानी चटर्जी,जय यादव,मनोज टाइगर,नीतिका जायसवाल, सुषमा मिश्रा, रंभा सहनी, मोहन कुमार,परितोष कुमार,रजनीश पाठक,सुजान सिंह,राकेश दुबे,प्रिया शर्मा,पूनम और प्रियांशु सिंह काम करते नजर आयेंगे।मेहमान भूमिका में विधायक और गीतकार विनय बिहारी भी नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्माता निशांत उज्ज्वल,धर्मेंद्र के मेहरा और निर्देशक रवि सिन्हा हैं।फ़िल्म के सह निर्माता डॉ संदीप उज्ज्वल,सुशांत उज्ज्वल है. गीत प्यारे लाल यादव ने लिखे है। संगीत निर्देशक रजनीश मिश्रा,भरत चौहान,नृत्य निर्देशक पप्पू खन्ना, डीओपी मनोज कुमार है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

दुनिया केवल पैसे से ही चलती है। बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया। आज हर आदमी सिर्फ पैसे के पीछे भाग रहा है। पैसे का पहाड़ बनाने में वह इतना व्यस्त है कि उसके चलते अनेक समस्याओं से वह घिरता जा रहा है। उसके जीवन में तनाव रहता है। उनके घरों में भी आत्महत्याएं हो रही है। वह पैसे कमाने के साथ साथ अनेकों तकलीफों से भी गुजर रहा है। आचार्यश्री ने कहा कि पैसा हर चीज का इलाज नहीं है। पैसे से ही सब कुछ नहीं होता है। प्रेम से इस दुनिया को जीता जा सकता है। धन कमाएं, लेकिन सामर्थ्य जितना, ज्ञान कमाएं। एक दूसरे के बीच सम्मान हो तो हम आनंदित रह सकते हैं।



# गुरुमाता यशकंवर की जयंती आज

**कोयंबटूर/दक्षिण भारत राष्ट्रमत।** आचार्यश्री शिवमुनिजी म. सा. की आज्ञानुवर्तिनी साध्वीश्री यशकंवरजी की शिष्या साध्वीश्री सुधाकंवरजी ने शनिवार को स्थानक भवन पहुचें। साध्वीश्री सुधाकंवरजी के सान्निध्य में गुरुमाताश्री यशकंवरजी म. सा. की 107वीं जयंती स्थानक भवन में तप त्याग एवं गुणगान के साथ रविवार को मनाई जाएगी। जिसमें सुबह प्रवचन होंगे।





# मतदान को लेकर छात्रों ने किया चुनाव जागरूकता कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां चामराजपेट में एसआरएन आदर्श कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शाखा व चामराजपेट चुनाव आयोग शाखा के संयुक्त तत्वावधान में 'चुनाव जागरूकता अभियान' के तहत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु एक रैली का आयोजन किया गया। इसमें एआरओ राठौर, श्रीधर मूर्ति एयरो चामराजपेट, मदन मोहन एआरओ चामराजपेट, पीएसआई शिवानन्द केजी नगर पोलिस स्टेशन ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

आदर्श ग्रुप शाखा के अध्यक्ष पदमराज मेहता, सचिव जितेंद्र मरड़िया ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। रैली का नेतृत्व कॉलेज प्राचार्य डॉ एस प्रशांत ने किया और सभी मतदाताओं से राष्ट्र के लिए मतदान करने हेतु अपने अधिकार के सही उपयोग करने की बात करते हुए छात्रों को प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी भावना के कुशल संयोजन से कार्यक्रम सफल पूर्वक रहा। कार्यक्रम में कॉलेज विभाग के सभी प्राध्यापक ने सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी दी। चामराजपेट सर्कल पर सभी विद्यार्थियों द्वारा एक मानव चैन बनाकर सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का अंत सभी छात्रों ने मतदान की शपथ ली।

# मद्रास हायर परचेज एसोसिएशन की बैठक में नई समिति का गठन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां मद्रास हायर परचेज एसोसिएशन की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक 5 अप्रैल को दिल्ली होटल किलपॉक के प्रांगण में हुई। इस बैठक में 2024-25 वर्ष के लिए सर्व सहमति से अध्यक्ष के रूप में अजय कुमार नाहर को प्रस्तावित कर अभिवादन किया गया। तत्पश्चात उपाध्यक्ष के रूप में प्रमोद कुमार गोठी एवं दिनेश मेहता का नाम प्रस्ताव पास किया गया। महासचिव के रूप में सुधीर रुनवाल सह सचिव के रूप में महावीर पारख एवं कोषाध्यक्ष के रूप में दिलीप कुमार बोहरा अपनी सेवाएं देंगे यह तय किया गया।

आगामी वर्ष 2024-25 की योजना अध्यक्ष अजय नाहर ने समिति के सामने रखी एवं सभी पूर्व अध्यक्षों का विशेष आभार व्यक्त किया गया। स्वर्णिम काल के लिए निवर्तमान अध्यक्ष विशाल लोढ़ा एवं उनकी कार्यकारिणी समिति का आभार व्यक्त किया गया। मद्रास हायर परचेज एसोसियेशन में 1300 सदस्यों के साथ भारत की सबसे बड़ी फाइनेंस की संस्था है। राष्ट्रगान के साथ आभार महासचिव सुधीर रूनवाल ने दिया।



# दाधीच महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया गणगौर उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां मागड़ी रोड अग्रहारा दासरहल्ली स्थित रामदेव प्रार्थना मंदिर में शनिवार को दाधीच महिला मण्डल के तत्वाधान में गणगौर महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गणगौर पूजा, गीत, ढोल नृत्य, एकल नृत्य एवं ग्रुप नृत्य का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में कुल 90 महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश पूजन से हुआ। ईसर गणगौर बने पूजा, माधुरी एवं बच्चे प्यारे लग रहे थे। सभी उपस्थित महिला एवं बच्चों ने कार्यक्रम का बहुत ही आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन मंडल की अध्यक्षता प्रमिला शर्मा द्वारा किया गया। समाज की वरिष्ठ सरोजा ओझा, कर्नाटक महिला प्रकोष्ठ की सुषमा आसोपा, पूर्व अध्यक्ष रेखा सुंठवाल, सरस्वती बिसावा, गणगौर अध्यक्ष पुष्पा तिवारी ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। समाज की संस्थापिका सरोजा व्यास ने विडियो काल से कार्यक्रम की बधाई दी। बुल्लू दाधीच सुषमा आसोपा का स्वागत किया गया।

तंबोला का आयोजन भी गणगौर थीम पर सारिका पलोड एवं वंदना जोशी ने किया। इस अवसर पर सरिता आसोपा, शशि ओझा,चंद्रकाता डोबा, सरोज जोशी, रेशमा व्यास, कुसुम दायमा, मीना जोशी, बरखा जोशी, पद्मावती इटोदिया एवं रेणु जोशी आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा। कार्यक्रम में सभी को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में दाधीच समाज की अनेक गणमान्य महिलायें एवम् कोलार से भी महिलायें परिवार सहित उपस्थित हुईं।



# मधुमेह और रक्तचाप जांच शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां राजाजीनगर के तेरापंथ युवक परिषद द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर श्रीरामपुरम द्वारा राजाजीनगर फर्स्ट ब्लॉक स्थित केथमरनहल्ली पार्क में निःशुल्क मधुमेह जांच एवं रक्तचाप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुई।

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के अंतर्गत रैंडम ब्लड शुगर एवं रक्तचाप जांच की गई। लगभग 2 घंटे तक चले इस शिविर में कुल 66 सदस्य लाभान्वित हुए। तेयुप सदस्यों ने स्थानीय लोगों से वार्तालाप करते हुए एटीडीसी द्वारा आगामी कैंप एवं प्रदत्त विभिन्न सेवाओं एवं डॉक्टरों की उपलब्धता से अवगत करवाया। स्थानीय सदस्यों ने परिषद परिवार के प्रति मंगलकामना संप्रेषित करते हुए सेन्टर द्वारा प्रदत्त सेवाओं के प्रति अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस शिविर को सुव्यवस्थित आयोजन करने में एटीडीसी स्टाफ दीपा एवं स्मिता मैडम का सम्पूर्ण सहयोग रहा। तेयुप से राजेश देरासरिया, जयंतीलाल गांधी, हरीश पोरवाड़ एवं मोहन चौरड़िया ने अपनी सेवाएं प्रदान की।



# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 73 लोगों ने करवाई जांच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां राजस्थान यूथ एसोसिएशन (आरवाईए) कॉस्मो फाउंडेशन ने मेडिबैंक प्रोजेक्ट के तहत बादलचंद सुगनकंवर चोरड़िया स्कीम के तहत चेन्नई मेट्रो महावीर और शंकरा आई हॉस्पिटल पम्मल के सहयोग से शुक्रवार को शांतिदेवी जवाहरमल चंदन डे केयर एंड डायग्नोस्टिक सेंटर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया।

शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने 92 लोगों की आंखों की जांच की जिनमें से 73 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाये जाने के कारण उनकी अगले सप्ताह सर्जरी की जाएगी एवं 8 लोगों की आंखें कमजोर पायी जाने के कारण उन्हें चश्मे तैयार कर दिए जाएंगे। शिविर में आरवाईए कॉस्मो के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कटारिया, फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी प्रमोद मूथा, कॉस्मो के सचिव जितेन्द्र कोठारी, अभय लोढ़ा, नवरतन गादिया, विनोद छाजेड़, अरुण बोहरा, विनोद भूतोरिया, प्रवीण सुराना, निर्मल रांका आदि उपस्थित रहे।



# पैसे से सब कुछ नहीं होता : आचार्य महेन्द्रसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गुलबर्गा। यहां के शंखेश्वर पार्श्वनाथ श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरजी म. सा. ने कहा कि दुनिया केवल पैसे से ही चलती है। बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया। आज हर आदमी सिर्फ पैसे के पीछे भाग रहा है। पैसे का पहाड़ बनाने में वह इतना व्यस्त है कि उसके चलते अनेक समस्याओं से वह घिरता जा रहा है। उसके जीवन में तनाव रहता है। उनके घरों में भी आत्महत्याएं हो रही है। वह पैसे कमाने के साथ साथ अनेकों तकलीफों से भी गुजर रहा है। आचार्यश्री ने कहा कि पैसा हर चीज का इलाज नहीं है। पैसे से ही सब कुछ नहीं होता है। प्रेम से इस दुनिया को जीता जा सकता है। धन कमाएं, लेकिन सामर्थ्य जितना, ज्ञान कमाएं। एक दूसरे के बीच सम्मान हो तो हम आनंदित रह सकते हैं।



**उगादी समारोह**

हैदराबाद में तेलुगु फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी शनिवार को हैदराबाद में कल्याण ज्वैलर्स में उगादी समारोह में भाग लेती हुई।



# हिन्दी संगोष्ठी व अनुवाद प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां के केनरा बैंक के प्रधान कार्यालय के सहयोग से क्राइस्ट विश्वविद्यालय द्वारा अंतर महाविद्यालय हिन्दी संगोष्ठी व अनुवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग प्रमुख डॉ. केए सेबास्टियन ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उक्त संगोष्ठी में प्रथम सत्र विभिन्न सरकारी कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों में हिंदी भाषा के माध्यम से रोज़गार के अवसर बैंक के सहायक महाप्रबंधक ई. रमेश द्वारा एवं द्वितीय सत्र हिंदी पत्रकारिता और जनसंचार में रोज़गार की व्यापक संभावनाएं केनरा बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक मयंक पाठक तथा तृतीय सत्र हिन्दी में उच्चतर शिक्षा और रोज़गार की संभावनाएं जैन विश्वविद्यालय के सहायम प्राध्यापक डॉ. भंवर सिंह शक्तावत द्वारा लिया गया। इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह में सभी को संबोधित करते हुए क्राइस्ट विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी डीन डॉ. जॉन जोसेफ कैनेडी पी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आज की यह संगोष्ठी हमारे विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करेगी और विभिन्न वक्ताओं द्वारा किए गए मार्गदर्शन सभी विद्यार्थियों के भविष्य और कैरियर के नए मार्ग प्रशस्त करेगा।

तिरुपति एसवी विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. रामप्रकाश ने देश के विकास में भारतीय भाषाओं की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को संबोधित तथा प्रोत्साहित किया। महाप्रबंधक टी. के. वेणुगोपाल ने अपने मुख्य संबोधन में कहा कि केनरा बैंक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में सक्रिय रूप से योगदान देते हुए विद्यार्थियों के लिए देश-विदेश में शिक्षा हेतु न्यूनतम ब्याज़ दर पर शिक्षा ऋण उपलब्ध करा रहा है।

# चन्द्रप्रभु कॉलेज ने मनाया खेल दिवस




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां मिंजूर में चंद्रप्रभु जैन कॉलेज 6 अप्रैल को 23वां खेल दिवस मनाया गया है। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रवीण कुमार प्रशासनिक अधिकारी समूह मुख्यालय, चेन्नई बी और वी. सेल्वापंडी, वॉलीबॉल टीम के कप्तान, दक्षिण पश्चिम रेलवे, वरिष्ठ टिकट कलेक्टर (भारतीय रेलवे) मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल जलाकर की गई और उसके बाद एनसीसी कैडेटों ने मार्च पास्ट और पिरामिड का प्रदर्शन किया। रिले दौड़, 100 मीटर और 200 मीटर सहित विभिन्न ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। खेल दिवस समारोह की शुरुआत मंगलाचरण के साथ हुई। प्राचार्य डॉ. एन. सुजाता ने सभा का स्वागत किया। अध्यक्षीय भाषण चंद्रप्रभु जैन कॉलेज के सचिव ललित कुमार ओ जैन ने दिया।

सचिव एवं प्राचार्य ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को खेलों में भाग लेने की सलाह दी जिससे उनमें समय प्रबंधन, टीम भावना, आत्मविश्वास, अच्छा अनुशासन विकसित करने में मदद मिलेगी और वे एक अच्छे नागरिक बन सकेंगे।

विशिष्ट अतिथि सेल्वापंडी ने छात्रों को खेलों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। पढ़ाई के अलावा खेल के माध्यम से भी विद्यार्थी अपनी मंजिल तक पहुंच सकते हैं। वार्षिक खेल रिपोर्ट खेल संयोजक (लड़कियां) और एपी, वाणिज्य विभाग की श्रीमती एस शांति द्वारा तैयार की गई है।

विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पदक और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। आदिनाथ टीम ने पुरुष और महिला दोनों में ओवरऑल चैंपियनशिप जीती है।

तृतीय बीसीए के एस.हरिप्रसाथ ने पुरुषों के लिए व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती और द्वितीय बीएससी ईसीएस की एन.संध्या ने महिलाओं के लिए व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती। प्रतिभागियों ने पूरे दिन शानदार खेल कौशल और उत्साह दिखाया। पी. सरवनन खेल संयोजक (लड़के), एपी और प्रमुख, कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

# कांग्रेस अपने सदस्यों के साथ इंसाफ नहीं कर सकती है तो वह जनता को न्याय कैसे देगी? : दिनेश शर्मा

नागपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में महाराष्ट्र मामलों के चुनाव प्रभारी डॉ. दिनेश शर्मा ने शनिवार को यह प्रश्न करते हुए कांग्रेस के घोषणापत्र पर निशाना साधा कि जब यह पार्टी अपने सदस्यों के साथ इंसाफ नहीं कर सकती तो वह जनता को न्याय कैसे देगी। आम चुनाव के लिये कांग्रेस के घोषणापत्र 'न्याय पत्र' जारी होने के एक दिन बाद यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुये इसे झूठ का पुलिंदा करार देते हुए शर्मा ने कहा, जब कांग्रेस अपने सदस्यों के साथ इंसाफ नहीं कर सकती है तो वह कैसे लोगों को 'न्याय' देगी। कांग्रेस के इस 'न्याय पत्र' में अप्रेंटिसशिप के अधिकार, न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने, जातीय जनगणना कराने के अलावा कई अन्य वादे किये गये हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा (एसपी) की महा विकास आघाड़ी महाराष्ट्र में एक सीट के लिए भी जद्दोजहद करना पड़ेगा। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीट पर पांच चरणों में चुनाव होंगे। राज्य में चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होगा और 20 मई को उसका समापन होगा। चार मई को मतों की गिनती होगी। शर्मा ने कहा कि विदर्भ में मोदी लहर है तथा सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व में महायुति इस क्षेत्र में सभी सीट जीतेगी। राज्य में एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना तथा राकांपा का अजीत पवार महायुति के अन्य घटक हैं।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.